सोमवार, 5 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 12 – 23 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 06:17 | सूर्यास्त: 17:06 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक, चीन को पछाड़ा: कृषि मंत्री पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : एक बुराई में अच्छाई और दूसरा अच्छाई में भी बुराई ही देखता है।




## जनवरी की शुरुआत में झटका!

# विदेशी निवेशकों ने 2 दिन में निकाले 7608 करोड़

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

- रुपये पर दबाव बढ़ा
- 2025 में भारी बिकवाली

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2026 की शुरुआत सतर्क रुख के साथ की है। पिछले साल के अपने बिकवाली के सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने जनवरी के पहले दो कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी से 7,608 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले उन्होंने 2025 में 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी। ऐसा अस्थिर मुद्रा, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और बाजार के बढ़े हुए मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई की बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में हुई गिरावट में लगभग पांच प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में यह रुख बदल सकता है।



जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इस साल एफपीआई की रणनीति में बदलाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि बेहतर होते घरेलू बुनियादी कारक निवेश को आकर्षित करना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट मुनाफे में सुधार की संभावना आने वाले महीनों में सकारात्मक एफपीआई प्रवाह के लिए शुभ संकेत है।

## 'बंगाल में वोटर लिस्ट सुधार के नाम पर हो रहा खेल, तुरंत सुधारें या प्रक्रिया रोकें'

### मुख्यमंत्री ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर राज्य में जारी मतदाता सूची के 'मनमाने' और 'त्रुटिपूर्ण' विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तुरंत रोकने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि इससे बड़े पैमाने पर मतदाताओं के मताधिकार का हनन हो सकता है तथा भारतीय लोकतंत्र की नींव को 'अपूरणीय क्षति' पहुंच सकती है। पत्र में ममता ने आयोग पर आरोप लगाया कि उसने एक ऐसी प्रक्रिया का संचालन किया है जो 'अनियोजित, अपर्याप्त तैयारी वाली और आननफानन में शुरू की गई' है और जिसमें 'गंभीर अनियमितताएं, प्रक्रियात्मक उल्लंघन और प्रशासनिक चूक' शामिल है। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) को लिखे गए उनके दो पूर्व पत्रों के बावजूद जमीनी स्थिति और बिगड़ गई है। ममता ने लिखा कि मैं एक बार फिर आपको पत्र लिखकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करने के लिए विवश हूं। ममता ने याद दिलाया कि उन्होंने 20 नवंबर और दो दिसंबर के पत्रों में भी इसी तरह के मुद्दे उठाए थे। ममता ने निष्कर्ष निकाला कि जिस तरीके से इस समय एसआईआर किया जा रहा है वह भरोसेमंद नहीं है और यह लोकतंत्र की नींव पर चोट करता है।

### सागर द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ेगा नया पुल, आज मुख्यमंत्री रखेंगी आधारशिला

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज मुड़ीगंगा नदी पर बनने वाले पुल की आधारशिला रखेंगी। यह पुल सागर द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ेगा, जहां हर साल प्रसिद्ध गंगासागर मेला आयोजित होता है। इसको लेकर एक अधिकारी ने जानकारी दी कि 2,500 करोड़ रुपये की लागत वाले इस पुल के निर्माण का कार्य एक निजी कंपनी को सौंपा गया है। इसके दो साल में बनकर तैयार होने की उम्मीद है। इस पुल के बनने से यहां स्थित कपिल मुनि मंदिर की तीर्थयात्रा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने मेले के सफल संचालन के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

## लालकिला विस्फोट: आरोपियों ने अपने आकाओं से संपर्क करने के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड का इस्तेमाल किया

**श्रीनगर/नयी दिल्ली :** दिल्ली के लाल किला के पास पिछले साल 10 नवंबर को हुए धमाके से जुड़े 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच में पता चला है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चिकित्सकों ने पाकिस्तानी आकाओं से बात करने के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड और एन्क्रिप्टेड ऐप के जटिल नेटवर्क इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने रविवार को यह दावा किया। 'घोस्ट सिम कार्ड' ऐसा सिम कार्ड होता है, जो किसी वास्तविक और सत्यापित पहचान से जुड़ा नहीं होता। इसका इस्तेमाल लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए करते हैं। जांच के नतीजों के आधार पर ही परोक्ष तौर पर दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने पिछले वर्ष 28 नवंबर को एक व्यापक निर्देश जारी किया था। इस निर्देश के तहत व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसी ऐप-आधारित संचार सेवाओं को अनिवार्य रूप से उपकरण में मौजूद सक्रिय और भौतिक सिम कार्ड से लगातार जुड़े रहना होगा। अधिकारियों ने बताया कि 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल और धमाके की जांच में यह सामने आया कि गिरफ्तार चिकित्सकों मुजम्मिल गनई, अदील राथर और अन्य ने सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए एक रणनीतिक 'डुअल-फोन' प्रोटोकॉल के तहत 'घोस्ट' सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि लालकिले के पास विस्फोटकों से लदा वाहन चलाते समय हुए धमाके में मारे गये डॉ. उमर-उन-नबी सहित प्रत्येक आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल हैंडसेट थे। आरोपियों के पास संदेह से बचने के लिए अलग-अलग फोन थे। इनमें से एक उनके नाम से पंजीकृत होता था, जिसका इस्तेमाल वे नियमित व्यक्तिगत और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए करते थे, जबकि दूसरे फोन का उपयोग आतंकी गतिविधियों में करते थे। वे दूसरे फोन का इस्तेमाल पाकिस्तान में अपने आकाओं (जिन्हें 'उकासा', 'फैजान' और 'हाशमी' कोडनाम से पहचाना जाता था) से व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के माध्यम से बातचीत करने में करते थे।

## भारत ने वेनेजुएला से जुड़े घटनाक्रम पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की

**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को अमेरिकी सैन्य अभियान में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़े जाने पर "गहरी चिंता" व्यक्त की तथा कहा कि वह तेल समृद्ध दक्षिण अमेरिकी देश में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। अमेरिका ने शनिवार को एक सैन्य अभियान के तहत तेल समृद्ध वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, "वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय है। हम तेजी से बदलती स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।"

### वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई खतरनाक मिसाल कायम करती हैं: संयुक्त राष्ट्रप्रमुख

### चीन ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को 'तुरंत' रिहा करने की मांग की

**बीजिंग :** चीन ने रविवार को अमेरिका से वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने तथा संवाद व बातचीत के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा, अमेरिका द्वारा अपदस्थ किए गए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। इसमें कहा गया कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### मेरिका वेनेजुएला पर शासन नहीं करेगा, बल्कि तेल नाकेबंदी के जरिये बदलाव के लिए मजबूर करेगा: रुबियो

**वाशिंगटन :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को संकेत दिया कि अमेरिका 'तेल नाकेबंदी' लागू करने के अलावा वेनेजुएला के दैनिक शासन में कोई भूमिका नहीं निभाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले ही घोषणा की थी कि वेनेजुएल के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने के बाद अमेरिका लातिन अमेरिकी देश का शासन संभालेगा। रुबियो के इस बयान को उस चिंता को कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है कि क्या सत्ता परिवर्तन हासिल करने के लिए की गई आक्रामक अमेरिकी कार्रवाई से वेनेजुएला में लंबे समय तक चलने वाला विदेशी हस्तक्षेप या राष्ट्र निर्माण की असफल कोशिश हो सकती है।

## 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना मनरेगा से बेहतर, कांग्रेस गलत सूचना फैला रही: शिवराज

**नयी दिल्ली :** ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी राम जी) योजना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। शिवराज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान की घोषणा के लिए कांग्रेस की आलोचना की और पूछा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन में इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान मौजूद क्यों नहीं थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की घोषणा की है। यह वास्तव में भ्रष्टाचार बचाओ अभियान है। शिवराज ने आरोप लगाया, मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया था। ग्राम सभाओं की ओर से किए गए सामाजिक ऑडिट में 10,51,000 से अधिक शिकायतें मिलीं। एक ही काम दोहराया गया, काम मशीन से कराया गया, नहरों एवं सड़कों की सफाई के नाम पर धन की हेरा-फेरी की गई। 30 फीसदी मजदूर 60 साल से अधिक उम्र के थे। उन्होंने सवाल किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत 8,48,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि उपलब्ध कराई गई, जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान दो लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए गए। क्या स्थायी संपत्तियां बनाई गईं? क्या इस धन का इस्तेमाल विकास के लिए हो सका? शिवराज ने कहा, कांग्रेस झूठ की फैक्टरी है। अब वह कह रही है कि मजदूरों को काम नहीं मिलेगा।



## एलन मस्क का एक्स अवैध सामग्री हटाएगा, उल्लंघन करने वालों पर लगेगा स्थायी प्रतिबंध

**नयी दिल्ली :** एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट 'एक्स' अवैध सामग्री को हटाएगी और ऐसी सामग्री अपलोड करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। एक्स ने रविवार को बताया कि वह जरूरत के अनुसार स्थानीय सरकारों के साथ काम करेगी। कंपनी के वैश्विक सरकारी मामलों के खाते से यह बयान जारी किया गया। इससे पहले उसने कहा था कि मंच की एआई सेवा 'ग्रोक' का उपयोग करके अवैध सामग्री बनाने वालों पर भी वैसी ही कार्यवाही होगी, जैसी अवैध सामग्री अपलोड करने वालों पर की जाती है।

## बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के मैचों को भारत से बाहर करने की मांग की

**ढाका :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया। यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 'रिलीज' करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को 'रिलीज' करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है। रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने शनिवार रात को एक आपातकालीन बैठक बुलाई और एक दिन बाद घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा, " भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी।" अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश कोलीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं।

## ट्रंप ने अमेरिका में लाभ उठाने वाले प्रवासियों के संदर्भ में देशों की सूची जारी की, भारत का नाम नहीं



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पाकिस्तान, भूटान, चीन, बांग्लादेश और नेपाल सहित कई देशों की सूची जारी की, जिसमें इन देशों से आने वाले प्रवासियों को मिलने वाली कल्याण और सहायता की दरों को उजागर किया गया है। हालांकि, इस सूची में भारत का नाम नहीं है। द 'इमिग्रेंटस वेल्फेयर रिसिपियंट रेट्स बाय कंट्री ऑफ ऑरिजन' नामक सूची में विश्व के लगभग 120 देशों और क्षेत्रों को शामिल किया गया है जिनके प्रवासियों को अमेरिका में सहायता प्राप्त होती है। भारत इस सूची में शामिल नहीं है। ट्रंप द्वारा 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किए गए चार्ट में प्रवासियों के जन्म वाले देश और सहायता प्राप्त करने वाले प्रवासी परिवारों के प्रतिशत को दर्शाया गया है। इस सूची में बांग्लादेश भी शामिल है, जहां से आने वाले प्रवासी परिवारों में से 54.8 प्रतिशत को सहायता प्राप्त होती है। इसके अलावा पाकिस्तान (40.2 प्रतिशत), नेपाल (34.8 प्रतिशत), चीन (32.9 प्रतिशत) और इज़राइल/फलस्तीन (25.9 प्रतिशत), यूक्रेन (42.7 प्रतिशत) और एशिया (अन्यत्र वर्गीकृत नहीं/निर्दिष्ट नहीं) के नाम भी शामिल हैं।

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



## मौतें सबसे स्वच्छ शहर पर कलंक

यह शर्मनाक है कि जिस शहर को पिछले सात सालों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा दिया जा रहा था, वहां पेयजल में सीवर का पानी मिल जाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो जाए। बताया जाता है कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर के पानी के रिसाव से हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। घटनाक्रम के बाद सौ के करीब लोग अस्पताल में भर्ती हुए और सैकड़ों लोग दूषित पेयजल के उपयोग से बीमार हैं। वैसे भी किसी सभ्य समाज में व्यक्ति आत्मग्लानि से यह सुनकर बीमार हो जाएगा कि जिस पानी को उसने उपयोग किया, उसमें सीवर का गंदा पानी मिला था। निस्संदेह, यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही ही है, जिसके चलते हजारों लोगों का जीवन संकट में पड़ गया। नगर निगम ही नहीं, इस महकमे से जुड़े सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दरअसल, इंदौर लगातार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा हासिल करता रहा है तो इस दुर्घटना ने पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खी बना दिया। इस दुखद स्थिति के चलते मानवाधिकार आयोग और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने के लिये बाध्य होना पड़ा। विडंबना यह है कि नागरिकों ने पहले ही दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये जवाबदेह अधिकारी तब हरकत में आए, जब कई लोगों की जान जा चुकी थी। यहां तक कि इस निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का महकमा आता है, उनकी संवेदनहीन बयानबाजी ने लोगों का आक्रोश बढ़ाया है। हालांकि, तल्ख आलोचना के बाद मंत्री ने खेद जताया है। यहां तक कि इस घटना के बाद मध्यप्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने भी दोषियों से प्रायश्चित करने व दंड देने की मांग की है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कुछ छोटे स्तर के अधिकारियों के निलंबन और स्थानांतरण से इन मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों का प्रायश्चित हो पाएगा?

लेकिन विडंबना है कि यह समस्या केवल इंदौर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि देश के छोटे-बड़े शहरों में गाहे-बगाहे दूषित जल आपूर्ति के मामले प्रकाश में आते रहे हैं। दुर्घटना के बाद जांच समितियों का गठन, मुआवजे की घोषणा और कनिष्ठ अधिकारियों का निलंबन मामले में लीपापोती का उपक्रम बन चुका है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण' के मंत्र पर जोर दिया था। तब उन्होंने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। सवाल है कि जब नागरिकों को स्वच्छ हवा और जल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा जाएगा तो जीवनयापन को सुगम कैसे बनाया जा सकता है? मध्य प्रदेश की दोहरे इंजन वाली सरकार इस मोर्चे पर पूरी तरह से विफल रही है। कोई भी बड़ी योजना व नारा तब तक अर्थहीन है जब तक उन्हें जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का समर्थन प्राप्त न हो। सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की त्रासदी दर्शाती है कि शहरी बुनियादी ढांचे के खराब रखरखाव के कारण इस अधिकार का उल्लंघन कितनी आसानी से हो सकता है। निष्कर्ष यह भी है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और शासन संबंधी नारे व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। इंदौर की घटना के बाद देश के सभी राज्यों में संबंधित विभागों व स्थानीय निकायों को पेयजल से जुड़ी व्यवस्था का ध्यान रखना होगा कि कहीं पेयजल आपूर्ति लाइन जर्जर होकर दूषित पानी से तो नहीं मिल रही है। पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइप लाइनों का नियमित रूप से अवलोकन होना चाहिए। इस बाबत मंत्रालय और निकाय के अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। ऐसे गंभीर मामलों में लापरवाही के दोषियों को सख्त सजा देने का भी प्रावधान होना चाहिए। यह मामला गैर इरादतन हत्या जैसा भी तो है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 जनवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष द्वितीया, 09:59 तक, नक्षत्र : पुष्य, 13:26 तक, योग : विष्कंभ, 22:51 तक, सूर्योदय: 06:17, सूर्यास्त: 17:06, चन्द्रोदय : 19:14, चन्द्रास्त: 07:57, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 07:41 से 09:01

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल कारक है। दशम कर्म भाव में सूर्य- चतुर्थ घर में ही चन्द्रमा राज्य से सम्मान तथा रुके कार्यों की सिद्धि कारक है। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा।

**वृष :** राशि का स्वामी शुक्र नवम भाग्य भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि कारक है। चन्द्रमा तृतीय भाव में मंत्रणा शक्ति का विस्तार और सत्तारूढ़ महान व्यक्तियों की कृपा से धन लाभ करायेगा।

**मिथुन :** आपकी राशि का स्वामी बुध धनु राशि सूर्य के साथ अष्टम भाव में उदय चल रहा है। अकारण शत्रुत्पत्ति, निर्मूल चिन्ता कारक है। आज चतुर्थ भाव में केतु-गुरु माता को कष्ट कर सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुख शांति का रहेगा। पिछले कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कुछ कम हो जायेगा। राशि का स्वामी चन्द्रमा चतुर्थ भाव में पराक्रम वृद्धि कारक है।

**सिंह :** आपकी राशि का स्वामी सूर्य षष्ठम भाव में धनु राशि का होकर संचार कर रहा है। चन्द्रमा द्वादश भाव में अकस्मात बड़ी मात्रा में लाभ कराकर कोष वृद्धि करेगा।

**कन्या :** आज का दिन आपके स्वास्थ्य एवं सुस्त पड़े कारोबार में सुधार का दिन है। इच्छित धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा। पत्नी व संतान पक्ष से संतोषजनक समाचार से हर्षित होंगे।

**तुला :** आपकी राशि के स्वामी शुक्र का धनु राशि में प्रवेश हो चुका है। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। सांसारिक सुख भोगो का विस्तार के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन विशेष व्यस्त एवं तनाव मुक्त रहेगा। आपकी राशि से पंचम शनि योग बना हुआ है। ऐसे में विवेक से काम लें और निकटवर्ती लोगों से व्यर्थ के विवाद में न उलझें।

**धनु :** आपकी राशि पर मंगल अग्नि, चोर भायकारक है। चतुर्थ भाव में मीन राशि शनि भी व्यर्थ व्यय व पत्नी को कष्टकारक है। नजदीक व दूर की सकारणीय यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे।

**मकर :** आज का दिन प्रभाव प्रताप का बढ़ाने वाला है। चतुर्थ सुख भाव में राहु भूमि, ज़मीन जायदाद के कार्यों से अकल्पित लाभ कारक है। श्रेष्ठ पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी।

**कुम्भ :** आपकी राशि का स्वामी शनि, मीन राशि का होकर द्वितीय भाव में विराजमान है। चन्द्रमा आज पंचम घर में आय के नए स्रोत विकसित करेगा। शत्रु व प्रतिद्वंदी पक्ष पराजित होंगे।

**मीन :** राशि का स्वामी देव गुरु पिछले कुई दिनों से मिथुन राशि का होकर पंचम भाव में चल रहा है। चन्द्रमा भी आज पंचम घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

# सोमनाथ: अटूट आस्था के 1000 वर्ष (1026-2026)



श्री नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

*सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।*
*लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्।।*

अर्थात्, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुन:निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दु:ख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है।



हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें।

1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उप-स्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए।

जैसा कि मुंशी जी की पुस्तक के शीर्षक से स्पष्ट होता है, हम एक ऐसी सभ्यता हैं जो आत्मा और विचारों की अमरता में अटूट विश्वास रखती है। हम विश्वास करते हैं- नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। सोमनाथ का भौतिक ढांचा नष्ट हो गया, लेकिन उसकी चेतना अमर रही।

इन्हीं विचारों ने हमें हर कालखंड में, हर परिस्थिति में फिर से उठ खड़े होने, मजबूत बनने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य दिया है। इन्हीं मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वो हमारे इनोवेटिव युवाओं में निवेश करना चाहती है। हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है।

अनादि काल से सोमनाथ जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को जोड़ता आया है। सदियों पहले जैन परंपरा के आदरणीय मुनि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्य यहां आए थे और कहा जाता है कि प्रार्थना के बाद उन्होंने कहा,

*भवबीजाङ्कुरजनना रागाद्याः क्षयमुपगता यस्य।*

अर्थात्, उस परम तत्व को नमन जिसमें सांसारिक बंधनों के बीज नष्ट हो चुके हैं। जिसमें राग और सभी विकार शांत हो गए हैं।

आज भी दादा सोमनाथ के दर्शन से ऐसी ही अनुभूति होती है। मन में एक ठहराव आ जाता है, आत्मा को अंदर तक कुछ स्पर्श करता है, जो अलौकिक है, अव्यक्त है।

1026 के पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद 2026 में भी सोमनाथ का समुद्र उसी तीव्रता से गर्जना करता है और तट को स्पर्श करती लहरें उसकी पूरी गाथा सुनाती हैं। उन लहरों की तरह सोमनाथ बार-बार उठता रहा है।

अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं, जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें ये बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। ये विश्वास का वो स्वर है, जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है।

अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है, तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है।

जय सोमनाथ !



## भारत 'पूरी मजबूती से' 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है: प्रधानमंत्री



**वाराणसी (उप्र):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में सरकार ने देश में खेलों के क्षेत्र में व्यापक बदलाव करते हुए 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किये हैं और भारत 'पूरी मजबूती से' 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। वाराणसी में आज से शुरू हुई 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में कई शहरों में फीफा अंडर-17 विश्व कप और हॉकी विश्व कप समेत 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा, '2030 के राष्ट्रमंडल खेल भी भारत में ही होने जा रहे हैं। भारत पूरी मजबूती से 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। इसके पीछे प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को खेलने के अधिक से अधिक मौके मिलें।' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर सवार है। देश का हर क्षेत्र, विकास की हर परिभाषा इस 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' से जुड़ रहा है और खेलों की परिभाषा भी इसमें से एक है। उन्होंने कहा, ''खेल के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े व्यापक सुधार किये हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और खेलो भारत नीति 2025... इस प्रकार के प्रावधानों से सही प्रतिभा को अवसर मिलेगा, खेल संगठनों में पारदर्शिता बढ़ेगी और साथ ही देश के युवाओं को खेल और शिक्षा दोनों ही क्षेत्र में एक साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक तरफ हम अच्छा मूलभूत ढांचा और वित्त पोषण का तंत्र तैयार कर रहे हैं और उसके साथ ही नौजवानों को शानदार अनुभव देने के लिए भी काम कर रहे हैं।'

### राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के दौरान 'हाई' रहेगा बनारस का जोश

**वाराणसी (उप्र):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्वास जताया कि राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के दौरान बनारस का जोश 'हाई' रहेगा। मोदी ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, आज से काशी में राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ हो रहा है। आप सभी खिलाड़ी बहुत कड़ी मेहनत के बाद इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट तक पहुंचे हैं। आपने जो मेहनत की है आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी।' उन्होंने कहा, 'वैसे मुझे बताया गया है कि देश के 28 राज्यों की टीम यहां आई हैं। यानी आप सब एक भारत 'श्रेष्ठ भारत' की बहुत सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। साथियों आप बनारस आ गए हैं तो उसे जान भी जाएंगे।

## राष्ट्रमंडल 2030 के बाद भारत का लक्ष्य 2036 में गुजरात में ओलंपिक की मेजबानी करना है: जय शाह



**सूरत:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को कहा कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के बाद भारत का लक्ष्य 2036 में गुजरात में ओलंपिक खेल लाना है जिसमें कम से कम 100 पदक जीतने का लक्ष्य हो। सूरत में डॉ हेडगेवार सेवा स्मृति सेवा समिति द्वारा आयोजित 'रन फॉर गर्ल चाइल्ड' मैराथन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों को लाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रमंडल 2030 के बाद हमारा लक्ष्य 2036 में यहां ओलंपिक की मेजबानी करना है।' पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने आठ पदक जीते थे, इस प्रदर्शन का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि 2036 के लिए लक्ष्य कम से कम 100 पदक होना चाहिए जिसमें गुजरात का योगदान 10 पदक का हो। उन्होंने विश्वास जताया कि महिला एथलीट इनमें से कम से कम दो पदक जीतेंगी।

## मेग लैनिंग यूपी वॉरियर्स की कप्तान बनीं

**मुंबई:** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग को नौ जनवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले रविवार को यूपी वॉरियर्स का कप्तान बनाया गया। यह दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के पहले तीन सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान थीं और उन्होंने टीम को हर बार फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, 'कैप्री स्पोर्ट्स की यूपी वॉरियर्स ने 2026 डब्ल्यूपीएल सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मेग लैनिंग को फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है।' यूपी वॉरियर्स ने लैनिंग को नीलामी में 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## गत चैंपियन श्राची बंगाल टाइगर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा पर 3-1 से जीत से अभियान की शुरुआत की

**चेन्नई:** गत चैंपियन श्राची बंगाल टाइगर्स ने शुक्रवार को यहां जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब पर 3-1 की शानदार जीत के साथ पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) अभियान की शुरुआत की। टाइगर्स के लिए सुखजीत सिंह (33वें मिनट), अभिषेक (45वें) और गुरसेवक सिंह (60वें) ने गोल किए जबकि प्रभजोत सिंह (54वें) ने सूरमा के लिए एक गोल किया। पहला क्वार्टर बराबरी का रहा जिसमें दोनों टीमें गोल करने की कोशिश कर रही थीं। सूरमा ने टाइगर्स के डिफेंस को फैलाने की कोशिश की। लेकिन टाइगर्स तेज 'काउंटर-अटैक' पर निर्भर रही। निकोलस पोंसलेट और टॉमी विलेम्स के कुछ अच्छे मूव के बावजूद पहले 15 मिनट में कोई भी टीम मौका नहीं बना पाई। दूसरे क्वार्टर में टाइगर्स ने गेंद पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया। अभिषेक काफी सक्रिय थे और उन्होंने कई पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन सूरमा के गोलकीपर विंसेंट वनाश ने कई शानदार बचाव किए जिसमें पहले हाफ के अंत में एक महत्वपूर्ण 'डबल सेव' भी शामिल था। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में टाइगर्स ने आखिरकार गोल किया जब टॉम ग्रामबुश की पेनल्टी-कॉर्नर फ्लिक को सुखजीत सिंह ने 33वें मिनट में चतुराई से गोल में डिफ्लेक्ट कर दिया। टाइगर्स ने दबाव बनाए रखा और क्वार्टर में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने संयम दिखाते हुए डिफेंडर को चकमा दिया और ताकतवर रिवर्स-स्टिक शॉट लगाया। सूरमा ने आखिरी क्वार्टर में प्रभजोत के 54वें मिनट में किए गए गोल से अंतर कम किया।

## वर्ग पहेली नं. 3312

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | | ■ |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | |
| | ■ | | ■ | 27 | | | 28 | ■ | |
| 29 | | | | | ■ | ■ | 30 | | |

*बायें से दायें:-* 1) न्यायालय, 3) एक कृष्णप्रिय वृक्ष, 6) एक नर पशु, 8) दर्शनार्थी, 9) एक भाषा, 9) शक्तिशाली, 12) लगन; बार-बार दोहराना, 13) अस्थि, 14) जानना, 16) फ़ज़ूल, 17) समभार, 19) कार्यक्षेत्र, 20) भारत का एक राज्य, 22) मोहक, 24) महान्, 26) आशंका, 27) इसलामी धार्मिक पाठशाला, 29) कुचलना, 30) भिखारी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गौण, 2) तुरंत बाद, 3) डरावना, 4) अभागा, 5) ठिठुरना; तनना, 7) एक खेल, 10) उजड़ना; मरना, 13) उत्तराधिकारी, 15) खरहा, 17) प्रकट; प्राप्त, 18) एक फल, 21) मोहक, 23) नाई, 25) पराजय, 27) रोका गया, 28) परछाँई.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सै | याँ | ■ | म | त | ल | बी | ■ | य | दि |
| र | ■ | सा | ध्य | ■ | ड़ | ■ | म | ह | ल |
| स | म | क्ष | ■ | च | क | त्ल | स | ■ | ज |
| पा | ■ | र | त | ■ | प | ■ | ख़ा | ची | ला |
| टा | ट | ■ | ग | ब | न | ■ | रा | ■ | ■ |
| ■ | क | ट | ड़ा | ■ | ■ | अ | प | ब्री | य |
| ■ | सा | ■ | ■ | अ | प | मा | न | ■ | हीं |
| अ | ल | ग | र | ज़ी | ■ | न | ■ | फाँ | क |
| छा | ■ | म | ■ | ज़ | ■ | त | थ्य | ■ | हीं |

## सुडोकू-पहेली-3270

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 | | | 4 |
| | 4 | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 8 | 7 | | 9 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | 7 | 4 | | | | 5 | | |
| 8 | 5 | 3 | 4 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | | 2 | 3 | | 6 | | | |
| | | | | | 5 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3269 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 | 9 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 |






# गंगासागर मेले में डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना : महंत संजय दास

❑ **मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान का समय 14 जनवरी की रात 9:19 बजे से 15 जनवरी की दोपहर 1:19 बजे तक**

**गंगासागर, समाज्ञा :** गंगासागर मेला इस साल 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के साथ अब तक के सबसे बड़े आयोजन का गवाह बन सकता है। यह जानकारी मुख्य पुजारी स्वामी ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने रविवार को दी। दास ने मंदिर परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस साल कुंभ मेला नहीं होने के कारण, गंगा और बंगाल की खाड़ी



के संगम पर स्थित कपिल मुनि मंदिर में आने वाले सनातनी हिंदू श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है। दास ने मंदिर में चुनिंदा पत्रकारों से कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस साल 1.5 करोड़ से अधिक लोग तीर्थयात्रा के लिए आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय सरकार को मंदिर के सामने तटरेखा कटाव के खतरे को लेकर कदम उठाने चाहिए, क्योंकि ज्वार के दौरान पानी से मंदिर की दूरी केवल लगभग 500 मीटर रह जाती है। दास ने कहा कि मंदिर को बचाने के लिए केंद्रीय सरकार को तट कटाव के मुद्दे का गंभीरता से समाधान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सदियों में दो मंदिर पहले ही बढ़ते समुद्र की लहरों के कारण समुंदर में चले गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान कपिल मुनि मंदिर इसी स्थान पर बनी तीसरी इमारत है। दास ने कटाव रोकने के उपाय करने के लिए ममता बनर्जी सरकार की प्रशंसा की और कहा कि मंदिर प्रशासन इस मुद्दे पर सहयोग करेगा और मिलकर काम करेगा। दास ने कहा कि प्रस्तावित मुरिगंगा नदी पर बन रहा पुल तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों दोनों के लिए बहुत लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि यह पुल सागर द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ता है और जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री सोमवार को करेंगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छी परियोजना है।

दास ने आगे कहा कि भगवान राम ने रामेश्वरम को लंका से जोड़ने के लिए रामसेतु बनाया था; दीदी (ममता बनर्जी) इस पुल का निर्माण गंगासागर तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कर रही हैं। पुजारी ने बताया कि इस साल मकर संक्रांति के लिए पवित्र स्नान का समय 14 जनवरी की रात 9:19 बजे से 15 जनवरी की दोपहर 1:19 बजे तक है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री 15 जनवरी के पूरे दिन पवित्र स्नान कर सकते हैं, क्योंकि शुभ समय का प्रभाव दोपहर 1:19 बजे के बाद भी आठ घंटे तक रहेगा।

# भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस के दो गुटों में झड़प, आंतरिक कलह फिर से उभरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के भांगड़ में रविवार को तृणमूल कांग्रेस की आंतरिक कलह फिर से उभर आई, जब दक्षिण 24 परगना जिले के कुछ हिस्सों में पार्टी के अंदर दो खेमों के बीच झड़प हुई और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस घटना का तात्कालिक कारण काशीपुर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आराबुल इस्लाम के बेटे हकीमुल इस्लाम के वाहन पर कथित हमला था। पुलिस ने बताया कि वाहन बरामद होने के बाद स्थिति और बिगड़ गई तथा आराबुल के स्वामित्व वाले एक पेट्रोल पंप के पास दो प्रतिद्वंद्वी



गुटों के बीच झड़प हुई, जहां हकीमुल मौजूद थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें कथित तौर पर प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच तीखी बहस, धमकियों और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि शामिल लोगों की पहचान करने के लिए फुटेज की जांच की जा रही है। हकीमुल ने आरोप लगाया कि हमलावर कैनिंग ईस्ट क्षेत्र के विधायक शौकत मुल्ला के समर्थक थे, जिन्हें भांगड़ के लिए तृणमूल कांग्रेस का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। हकीमुल ने दावा किया कि उन्होंने पहले मेरी गाड़ी पर हमला किया और फिर हमारे पेट्रोल पंप पर आए। यह जानबूझकर किया गया था। शौकत खेमे ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हकीमुल और उनके सहयोगी, जिनमें तृणमूल नेता प्रदीप मंडल भी शामिल हैं, अशांति फैलाने के इरादे से मौके पर पहुंचे थे।

## कोलकाता में अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**कोलकाता :** पोस्ता पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। 3 जनवरी 2026 को रात लगभग 9:10 बजे नलिनी सेठ रोड स्थित 74ए पता पर एक अज्ञात पुरुष व्यक्ति को बेहोश अवस्था में पाया गया। व्यक्ति की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल व्यक्ति को तत्काल आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस घटना को अस्वाभाविक मौत (अननेचुरल डेथ) का मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच में पता चला है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पोस्ता पुलिस स्टेशन के अधिकारी मामले की गहन जांच कर रहे हैं। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके।

# ईडी पर हमले से जुड़े मामले में शाहजहा का करीबी सीबीआई की हिरासत में

**कोलकाता :** शेख शाहजहान से जुड़े मामलों में जांच तेज करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अहम कदम उठाया है। शाहजहान मामले के प्रमुख गवाह भोला घोष की हत्या की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार अब्दुल अलिम मोल्ला को सीबीआई ने अपनी हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में सीबीआई द्वारा दायर आवेदन को बशीरहाट अदालत ने मंजूरी दे दी है।

गौरतलब है कि पिछले महीने नयाजाट इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में भोला घोष की कार एक लॉरी की चपेट में आ गई थी। इस घटना को लेकर शुरुआत से ही साजिश की आशंका जताई जा रही थी।




पुलिस ने इस मामले में लॉरी चालक अलिम मोल्ला को मुख्य आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उसे अपनी हिरासत में लेने के लिए अदालत का रुख किया।

केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2024 में राशन घोटाले की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शेख शाहजहान के घर तलाशी के लिए गई थी। उस दौरान ईडी अधिकारियों पर हमला हुआ था और उन्हें शाहजहान के समर्थकों के हमले का सामना करना पड़ा था। अदालत के निर्देश पर इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सीबीआई का दावा है कि अलिम मोल्ला शेख शाहजहान का करीबी है और ईडी अधिकारियों पर हुए हमले में उसकी सीधी भूमिका थी। जांच एजेंसी के अनुसार, अलिम मोल्ला को इस मामले में कई बार समन और नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने पेश नहीं होकर जांच में सहयोग नहीं किया। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई ने उसे अपनी हिरासत में लिया है।

# मुख्य मतदाता सूची पर्यवेक्षक पर हमले को लेकर चुनाव आयोग सख्त

## चुनाव आयोग ने डीजीपी से 72 घंटे में मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के लिए नियुक्त किए गए मुख्य मतदाता सूची पर्यवेक्षक सी मुरुगन पर हमले की घटना को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार से 72 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगी है। डीजीपी को मंगलवार की शाम 5 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 30-35 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। मालूम हो कि मुरुगन पर पिछले साल 29 दिसंबर को दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट में लोगों के एक समूह ने हमला कर दिया था। उनकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई थी। हमला करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। चुनाव आयोग ने डीजीपी से कई सवाल किए हैं, जैसे- मुख्य मतदाता सूची पर्यवेक्षक के दौरे की स्थानीय पुलिस को जानकारी दिए जाने के बावजूद उनकी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई? पुलिस की ओर से अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

### निर्वाचन आयोग की टिप्पणी के बाद शुभेंदु अधिकारी ने डीजीपी की आलोचना की

**विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार पर तीखा हमला बोला। इस दिन, 'एक्स' पर एक पोस्ट में, अधिकारी ने आयोग के हस्तक्षेप को राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी के लिए एक करारा सबक बताया। उन्होंने उस घटना के लिए तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग इसे 'गंभीर चूक' कहता है, हम इसे लोकतंत्र के खिलाफ राजद्रोह कहते हैं। डीजीपी का जिक्र करते हुए अधिकारी ने दावा किया कि पुलिस प्रशासन राजनीतिक मजबूरियों से ग्रस्त है। अधिकारी ने यह भी दावा किया कि उन्होंने पुलिस को घटना में शामिल लोगों की पहचान करने वाले स्पष्ट फुटेज उपलब्ध कराए हैं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्हें उन्होंने मुख्य साजिशकर्ता बताया है।**

## बेलियाघाटा में बच्ची के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बेलियाघाटा में तीन साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना बेलियाघाटा चौल पट्टी रेलवे पुल के पास एक बस्ती में घटी। पीड़िता का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। सियालदह सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेलवे ट्रैक के पास एक बस्ती में रहने वाली बच्ची शनिवार की शाम वहां खेल रही थी। उस समय, एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति बच्ची को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। आरोपी उसे रेलवे ट्रैक के पास एक सुनसान जगह पर ले गया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को आता देख आरोपी बच्ची को रेलवे ट्रैक के पास छोड़कर भाग गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने बच्ची को लहूलुहान हालत में पाया और उसे गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद, बच्ची के परिवार ने बेलियाघाटा थाने से संपर्क किया। पुलिस ने जांच की। घटनास्थल का पता लगाने पर यह सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकार क्षेत्र में पाया गया। इसके बाद, सियालदह जीआरपी को मामले की सूचना दी गई। शनिवार की देर रात, बेलियाघाटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जीआरपी को सौंप दिया। पुलिस ने बाल यौन उत्पीड़न संरक्षण अधिनियम, 2012 (पीओसीएसओ) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को सियालदह अदालत में पेश किया गया।

# एसआईआर : जयनगर में सुनवाई के बाद घर लौटते ही व्यक्ति की मौत

## तृणमूल ने निर्वाचन आयोग, भाजपा को ठहराया दोषी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एसआईआर सुनवाई के लिए पेश हुए 68 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत के बाद राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। कोलकाता में अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद व्यक्ति जब सुनवाई के लिये पेश हुआ, उस वक्त उसकी नाक में कैनुला लगा हुआ था। दक्षिण 24 परगना के जयनगर में उत्तर ठकुरेचक इलाके के निवासी नजीतुल मुल्ला की शनिवार की रात मौत हो गई। मुल्ला के परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित सुनवाई



का नोटिस जब मिला था, वह सांस संबंधी बीमारियों का इलाज करा रहे थे। उन्होंने बताया कि मुल्ला की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 20 दिसंबर को कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुल्ला के परिवार के एक सदस्य ने बताया कि 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम न मिलने के बाद उनके घर पर एसआईआर सुनवाई का नोटिस भेजा गया। उन्हें 28 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, और परिवार के अनुसार, अपनी खराब स्थिति के बावजूद वह 31 दिसंबर को सुनवाई केंद्र में पेश हुए थे। घर लौटने के बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई और उन्हें दो जनवरी को उसी अस्पताल में दोबारा भर्ती कराया गया। परिवार ने बताया कि डॉक्टरों ने शनिवार की रात उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े डर और मानसिक तनाव ने उनकी हालत और बिगाड़ दी।

तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चिंता को उनकी मौत का कारण बताया। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि राज्य में कम से कम 56 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनका कारण एसआईआर को लेकर कथित चिंता, तनाव या आत्महत्या बताया गया है। पार्टी ने इन मौतों के लिए सीधे तौर पर भाजपा और निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराया है। तृणमूल के स्थानीय नेताओं ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और निर्वाचन आयोग पर अपारदर्शी पुनरीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से भय का माहौल बनाने का आरोप लगाया।

## एसआईआर : चुनाव आयोग ने सीईओ को सुनवाई सत्रों में राजनीतिक हस्तक्षेप रोकने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रही सुनवाई प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया है कि सुनवाई सत्रों में बूथ स्तरीय एजेंटों या किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी पूरी तरह रोकी जाए। चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को यह भी निर्देश दिया है कि जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए जाएं। यदि किसी भी जिले में सुनवाई सत्र को जबरन रोकने या उसमें हस्तक्षेप की



कोशिश होती है, तो तत्काल जरूरी कार्रवाई की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आयोग ने अपने निर्देश में साफ कहा है कि किसी भी दल के बूथ स्तरीय एजेंट या राजनीतिक हस्तक्षेप को पूरी तरह खत्म करना जरूरी है। ऐसा करना सुनवाई प्रक्रिया में निष्पक्षता, तटस्थता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बेहद अहम है।

# गंगासागर मेले से पहले सुनवाई प्रक्रिया पर संकट

## दक्षिण 24 परगना प्रशासन ने नवान्न को लिखा पत्र

**कोलकाता :** कुछ ही दिनों में गंगासागर मेला शुरू होने जा रहा है। देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन मेले को सुचारु और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में इस संबंध में हाल ही में एक उच्चस्तरीय बैठक भी हुई है।

हालांकि, गंगासागर मेले की तैयारियों के कारण दक्षिण 24 परगना जिले में सुनवाई प्रक्रिया को लेकर गंभीर कर्मचारी संकट सामने आया है। सूत्रों के अनुसार काकद्वीप, डायमंड हार्बर और



सागर क्षेत्रों में विभिन्न प्रशासनिक सुनवाइयों के लिए आवश्यक कर्मियों की भारी कमी हो गई है। मेले के दौरान बीडीओ और एसडीओ स्तर के अधिकारियों को व्यापक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिसके चलते सुनवाई से जुड़े कई कर्मचारी मेला प्रबंधन में तैनात रहेंगे।

इस स्थिति को देखते हुए दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने नवान्न को पत्र लिखकर अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की है। प्रशासन का कहना है कि यदि समय रहते अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं की गई, तो एसआईआर प्रक्रिया सहित अन्य सुनवाइयों में गंभीर बाधा उत्पन्न हो सकती है।

गौरतलब है कि 8 जनवरी से गंगासागर मेला शुरू होगा। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को भी अवगत करा दिया गया है।

## बांग्लादेशियों को आईपीएल में खेलने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए : दिलीप घोष

**पश्चिम मेदिनीपुर :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को कहा कि जिस तरह पाकिस्तानी क्रिकेटरों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति नहीं है, उसी तरह बांग्लादेशी खिलाड़ियों को भी आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। पूर्व सांसद ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में पत्रकारों से कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है वह किसी के लिए भी अच्छा नहीं है। भारत सरकार अपना कर्तव्य निभा रही है। वहीं, पश्चिम बंगाल के लोग बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों से बेहद दुखी हैं। यह अमानवीय है और इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश में जल्द चुनाव, एक स्थिर सरकार और



कानून व्यवस्था की बहाली चाहते हैं ताकि जान-माल की सुरक्षा हो सके और सीमा पर तनाव कम हो। मैं बीसीसीआई का शुक्रिया अदा करता हूं। जिस तरह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत में खेलने की इजाजत नहीं है, उसी तरह बांग्लादेशी क्रिकेटरों को भी इसकी इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। यह मांग कोलकाता से आई थी और इसे मान लिया गया है।

# डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में 'सेवाश्रय-2' अभियान जारी

## सातगाछिया शिविर का निरीक्षण कर सकते हैं अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता :** डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में जनकेंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 'सेवाश्रय-2' कार्यक्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी सोमवार को सातगाछिया में आयोजित सेवाश्रय-2 शिविर का निरीक्षण कर सकते हैं।

सेवाश्रय-2 कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर तक सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस पहल के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि स्वास्थ्य सेवा कोई विशेष सुविधा नहीं, बल्कि आम



लोगों का अधिकार है। दूसरे चरण में 31 दिन पूरे करने के बाद भी यह कार्यक्रम निरंतर जनसेवा के माध्यम से लोगों का विश्वास कायम करने में सफल रहा है।

इस स्वास्थ्य मॉडल के तहत जरूरतमंद लोगों तक सीधे चिकित्सा सहायता पहुंचाई जा रही है, ताकि सम्मान और भरोसे के साथ उनकी दैनिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम का असर पूरे क्षेत्र में साफ दिखाई दे रहा है। महज महेशतला इलाके में ही 2,478 लोगों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए हैं, जिन्हें घर-घर पहुंचाया गया।

सातगाछिया में सेवाश्रय-2 शिविर के संभावित निरीक्षण के जरिए अभिषेक बनर्जी इस जनकल्याणकारी पहल को और गति देने का संदेश देंगे। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम डायमंड हार्बर क्षेत्र में सामुदायिक-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है।

# लक्ष्मी भंडार योजना पर भाजपा नेता की विवादास्पद टिप्पणी की टीएमसी ने की कड़ी निंदा

## भाजपा नेता ने तृणमूल को वोट देने वाली महिलाओं को घर में नजरबंद करने को कहा

**पश्चिम मेदिनीपुर/कोलकाता :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक जनसभा के दौरान भाजपा के एक नेता की टिप्पणी पर विवाद पैदा हो गया है। भाजपा नेता ने कथित तौर पर कहा कि लक्ष्मी भंडार योजना की महिला लाभार्थियों के पतियों को उन्हें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पक्ष में मतदान करने से रोकना चाहिये। भाजपा नेता के इस बयान की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी निंदा की। यह टिप्पणी कथित तौर पर भाजपा की राज्य समिति



के सदस्य कालीपद सेनगुप्ता ने हाल ही में दासपुर के कलाईकुंडू मैदान में आयोजित एक जनसभा में की थी। इस कथित बयान का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सभा को संबोधित करते हुए सेनगुप्ता ने कहा कि लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाएं तृणमूल कांग्रेस को वोट दे सकती हैं और उन्होंने उनके पतियों से आग्रह किया कि वे उन्हें 'घर में ही बंद रखें', ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वोट सत्तारूढ़ दल के बजाय भाजपा को मिले। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर, राज्य भाजपा के नेताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि मंच से ऐसा कोई बयान दिया गया था या नहीं। तृणमूल कांग्रेस ने सेनगुप्ता के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी की घाटाल जिला इकाई के अध्यक्ष अजीत मैती ने भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 'डिजिटल इंडिया' पर तृणमूल का तंज, यूपी पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्र और भाजपा पर गंभीर आरोप

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल और उत्तर प्रदेश में कथित एक पुलिस कार्रवाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। तृणमूल ने आरोप लगाया है कि भाजपा शासित राज्यों में वैध भारतीय नागरिकों को भी संदेह के घेरे में डालकर अपमानित किया जा रहा है।



तृणमूल कांग्रेस द्वारा पोस्ट किए गए न्यूज चैनल के वीडियो का स्क्रीनशॉट

तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जारी बयान में दावा किया गया है कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पुलिस ने बिहार के अररिया जिले से आए गरीब मजदूरों को रोका, उनकी तलाशी ली और वैध दस्तावेज होने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज किया गया। आरोप है कि पुलिस ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर मजदूरों को 'बांग्लादेशी' बताने का प्रयास किया, जिसे तृणमूल ने पूरी तरह से अवैज्ञानिक और अमानवीय करार दिया।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा किसी भी हद तक जाकर झूठ गढ़ सकती है और सत्ता का दुरुपयोग कर विशेषकर बंगाली भाषी लोगों को 'बांग्लादेशी' करार देने की कोशिश कर रही है। पार्टी का कहना है कि इस तरह की घटनाएं नागरिक अधिकारों और गरिमा पर सीधा हमला हैं।

तृणमूल ने बंगाल के लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि ऐसी राजनीति को यहां जगह मिली तो आम नागरिकों को उत्पीड़न, जबरन पहचान जांच और अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया और केंद्र सरकार से इस पर जवाब मांगा है।

## पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की तैयारियों की समीक्षा हेतु रेलवे बोर्ड अध्यक्ष-सीईओ का मालदह टाउन स्टेशन दौरा

**मालदह :** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने रविवार को मालदह टाउन रेलवे स्टेशन का दौरा कर देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के उद्घाटन परिचालन की तैयारियों का जायजा लिया। यह वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भारतीय रेलवे की ओर से नए वर्ष पर राष्ट्र को दी जा रही विशेष सौगात मानी जा रही है। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के. देउसकर, प्रमुख विभागाध्यक्षों (पीएचओडी) तथा मालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सतीश कुमार ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से संबंधित प्रमुख आधारभूत संरचनाओं और परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। दौरे के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ ने मालदह टाउन स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अब तक हुए कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधाओं के विस्तार और स्टेशन परिसर के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। यह निरीक्षण वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के सफल, सुरक्षित और समयबद्ध शुभारंभ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यात्रियों को आधुनिक और विश्वस्तरीय रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा।



## नंदीग्राम सहकारी कृषि विकास समिति के चुनावों में भाजपा ने सभी नौ सीटों पर जीत हासिल की

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम सहकारी कृषि विकास समिति के चुनावों में रविवार को भाजपा ने सभी नौ सीटें जीत लीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को एक भी सीट नहीं मिली। नंदीग्राम सहकारी चुनावों में पार्टी की जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा के लिए यह एक महत्वपूर्ण जीत है।

## नेशनल हाईवे पर खड़ी कार को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत व चार घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के खड़गपुर में मदपुर के पास नेशनल हाईवे नंबर 16 पर रविवार को एक भयानक हादसा हुआ। इस दिन, दोपहर करीब 12:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक कंट्रोल खो दिया और सिग्नल पर खड़ी मारुति को टक्कर मार दी। नतीजतन, मारुति कार सरकारी बस के नीचे जा घुसी। जैसे ही यह घटना हुई, स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। मारुति बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। मारुति में सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में निकालकर मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मारुति ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। बाकी चार का अभी इलाज चल रहा है। मृतकों के नाम और पहचान अभी पता नहीं चल पाई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक कंट्रोल से बाहर क्यों हो गया? यह सवाल खड़ा करता है। पुलिस जांच कर रही है कि ट्रक का ड्राइवर नशे में था या ट्रक तेज स्पीड से चला रहा था। पुलिस इलाके के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## एसोसिएटड चैरिटेबल ट्रस्ट के शिविर में 506 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण

❑ **सेवा से बड़ा न कोई धर्म न पुण्य : बनवारी लाल सोती**

**कोलकाता :** सेवा से बड़ा कोई धर्म है और न ही कोई पुण्य, इसलिए कहा भी कहा भी गया है – सेवा परमो धर्मः, परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परोपकाराय पुण्याय...।' यह उद्गार एसोसिएटेड चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले पूर्व मेदिनीपुर में संकेत कोलाघाट की व्यवस्था में रविवार को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कोलाघाट इलाके में आयोजित 25 वें निःशुल्क आंख जांच शिविर में उप-स्थित ट्रस्ट के प्रमुख विशिष्ट समाजसेवी बनवारीलाल सोती ने कही। उन्होंने कहा कि अगर हम वास्तव में प्रति संकल्पित हैं तो हमें जहां जैसी आवश्यकता है वहां वैसी सेवा प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। सोती ने नेत्र रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा और रक्त की आवश्यकता पर रक्त उपलब्ध करवाने जैसी निःशुल्क सेवाओं को महान परोपकार का कार्य बताते हुए कहा कि एसोसिएटेड चैरिटेबल ट्रस्ट और सोती चैरिटेबल ट्रस्ट 25 वर्षों से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा के महायज्ञ में लगा हुआ है और अब तक लगभग 1 लाख से अधिक निःशुल्क नेत्र परीक्षण, 70 हज़ार से ज्यादा चश्मा वितरण और 7426 निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवा चुका है।




आज के इस शिविर में कोलकाता के एमपी बिड़ला आई क्लिनिक के चिकित्सकों ने 506 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

यह जानकारी देते हुए अनुपम शर्मा ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों से अवगत कराते हुए बताया कि इस 25वें शिविर में जिन लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ उनमें जो 156 लोग ऑपरेशन योग्य पाए गए उनका निःशुल्क ऑपरेशन 13,14एवं 15 जनवरी को कोलकाता के प्रियम्वदा बिरला अरविंद आई हॉस्पिटल में करवाया जायेगा जबकि चश्मों की आवश्यकता वाले 261 लोगों को आगामी 26 जनवरी को चश्मे दिये जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में असीम दास, पार्थसारथी घोष, शुभांकर बोस, संदीप हाजरा, दिपेन्दु गुहा, किंशुक हाइत, शांतनु सरकार, विनय सिंह, शक्तिश्वर दे व अन्य ने सक्रिय सहयोग दिया।

## बड़तल्ला स्ट्रीट से निकली भव्य निशान शोभायात्रा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बड़तल्ला स्ट्रीट में श्री श्याम सरकार मंडल के तत्वावधान में भजन संध्या एवं चतुर्थ निशान शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। शोभायात्रा बड़ाबाजार स्थित जमुना भवन से प्रारंभ होकर बड़ाबाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आलमबाजार स्थित श्याम मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत निशान अर्पित किया। इस अवसर पर सूरजगढ़ धाम से पधारे श्री हजारी लाल जी इंदोरिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शिवकुमार राजपुरिया ने किया। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्त हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारों के साथ भक्तिरस में झूमते हुए शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में राजेश छापड़िया, संजय कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजू सिंह और सूरज सोनकर का मुख्य योगदान रहा। वहीं, पंकज सोनकर, तारकनाथ गुप्ता, हरि नारायण दुबे, अनिल लखोटिया, आशु तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## मनीषिका के 3 दिवसीय सेवा शिविर में हजारों नागरिकों की सेवा

❑ **कम्बल एवम् प्रसाद वितरण**

**कोलकाता :** कर्मयोगी, श्रद्धेय पुष्करलाल केडिया द्वारा स्थापित मनीषिका ने बाल व्यास श्रीकान्त शर्मा जी की प्रेरणा से 3 दिवसीय सेवा शिविर में हजारों जरूरतमंद नागरिकों को कम्बल प्रदान कर सेवा कार्य किया। मोहन केडिया ने बताया मनीषिका के अध्यक्ष राजकुमार केडिया, उपाध्यक्ष मनमोहन केडिया, सचिव अमित केडिया के मार्गदर्शन में बीडन स्ट्रीट, बड़तल्ला स्ट्रीट, सेन्ट्रल एवेन्यू – जोगेंद्र मल्लिक लेन एवम् विभिन्न क्षेत्रों में परोपकार, निस्वार्थ भावना से शीत ऋतु में जरूरतमंद नागरिकों को कम्बल वितरण एवं प्रसाद वितरण कर कार्यकर्ताओं ने मानव सेवा की। डॉ. अशोक सिंह ने कहा हर प्राणी के दुःख बांटे हम... आमरा पदातिक के



रतन दोलूई, महाश्वेता मुखर्जी, शिवानी गिरी एवम् कार्यकर्ताओं के सहयोग से बीडन स्ट्रीट, सेन्ट्रल एवेन्यू में सेवाकार्य सम्पन्न हुआ। मनीषिका द्वारा संचालित अन्नपूर्णा – भोजन, राशन वितरण, होम्योपैथिक, योगा, नृत्य, कंप्यूटर, स्काउट प्रशिक्षण एवम् सेवाकार्यों में समाज के भामाशाहों के सक्रिय सहयोग के लिये मोहन केडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अनिल, प्रकाश, विनोद, राजकुमार, निर्मल, बलदेव केडिया, सुशील, निखिल, अरुण, पवन केडिया, सचिन अग्रवाल, सुरेन्द्र दमानी, विनोद बाचुका, संगीता केडिया, पवन खेमका, विनय पाण्डेय, गणेश सिंह, पुष्करलाल केडिया स्काउट एंड गाइड ग्रुप तथा मनीषिका के कार्यकर्ता सेवा कार्यों के लिये सदैव तत्पर रहते हैं।

## सियाराम सेवा संघ एवं दि जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन द्वारा वैष्णव माता का जागरण संपन्न

**हावड़ा :** सियाराम सेवा संघ एवं दि जॉय ऑफ शेयरिंग फाउंडेशन की ओर से आज रामेश्वर मालिया लेन में वैष्णव माता के जागरण का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन भारत सेवाश्रम संघ की अध्यक्षा माता देवदत्ता नंदमयी के सम्बोधन से हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य मंचस्थ अतिथियों में डॉ. अभिरूप चक्रवर्ती, समाजसेवी राजन सिंह, , पत्रकार संजय सिंह, डॉ आनन्द पांडेय, अनिर्वाण नियोगी, संदीप गोयल को माता के चुनरी दुपट्टे से सम्मानित करने के साथ ही स्मारक तौर पर शेरांवाली मां की छवि प्रदान की गई। इसके साथ ही पं. रेवती रमण झा ने माता की ज्योति जलाई और माता का भजन



गीत का गायन शुरू हुआ। कोलकाता और कोलकाता के बाहर से आए हुए भजन गायको ने भजनों का समां बांधा। साथ में नृत्य नाटिका और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी हुए। संस्था के सदस्यों के सहयोग से भक्तो में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ को 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत बड़ी सफलता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन नार्कोस' के अंतर्गत बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से रेलवे परिसरों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आरपीएफ की सतर्कता और प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। आरपीएफ मालदह मंडल की टीम ने 3 जनवरी को सीआईबी/मालदह के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए मालदह टाउन रेलवे स्टेशन पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 10.50 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जब्त मादक पदार्थ के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए



जीआरपीएस/मालदह को सौंप दिया गया। इस संबंध में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पूर्वी रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता आरपीएफ की सतर्क निगरानी, बेहतर खुफिया सूचना और प्रभावी अंतर-एजेंसी समन्वय का परिणाम है। रेलवे नेटवर्क के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए आरपीएफ द्वारा निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और संरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## सत्य को बचाने का काम करता है साहित्य : डॉ.विजय बहादुर सिंह




**कोलकाता :** साहित्यिक संस्था कृष्ण बिहारी मिश्र अध्ययन मंडल के तत्वावधान में भारतीय भाषा परिषद सभागार में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वागत वक्तव्य देते हुए प्रमोद शाह ने कहा कि साहित्य को केंद्र में रखकर ही अपने समझ को ठीक से विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ विजय बहादुर सिंह ने आज के साहित्य के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए कहा कि साहित्य की यात्रा हमेशा संघर्षशील होती है और सत्य को बचाने का काम साहित्य करता है। अध्यक्षता करते हुए डॉ. बसुमति डागा ने कहा कि साहित्य मनुष्य को मनुष्य बने रहने की राह सुझाता है। साहित्य की आवश्यकता हर युग में बनी रहती है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कमलेश मिश्र व दिव्या प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमी पंडा मुखर्जी व शुभ्रा उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर ओम प्रकाश चौबे, रामनाथ महतो, नीरज चड्ढा ,प्रणवेश मिश्र, विजय पाण्डेय,मंजु श्रीवास्तव, इतु सिंह, प्रदीप धानुक, संजय जायसवाल, संजय राय, गीता दूबे, मृत्युंजय श्रीवास्तव, जीतेंद्र जितांशु सहित अन्य साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## जुगल किशोर जैथलिया स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित, इतिहास से सीखकर सशक्त राष्ट्र निर्माण पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा स्थानीय रथीन्द्र मंच में दसवीं कर्मयोगी जुगल किशोर जैथलिया स्मृति व्याख्यानमाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने भारत : इतिहास की अनकही कहानियां विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इतिहास से पीछा नहीं छुड़ाया जा सकता, क्योंकि यह केवल अतीत का विवरण नहीं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य को दिशा देने वाली चेतना है। श्री तिवारी ने कहा कि भारत केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता यात्रा है, जिसने 12वीं से 18वीं शताब्दी के दौरान लूटपाट और विनाशकारी क्रूरता को सहते हुए भी अपनी प्राचीन जड़ों और




दार्शनिक परंपराओं को जीवित रखा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखर चिंतक एवं विधायक डॉ. अशोक लाहिड़ी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इतिहास से स्वाभिमान और सीख दोनों प्राप्त होते हैं। उन्होंने इतिहास की उपेक्षा को जोखिमपूर्ण बताते हुए कहा कि इतिहास स्वयं को दोहराता है।

समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुल्स्यान ने कर्मयोगी जुगल किशोर जैथलिया के जीवन का स्मरण करते हुए उन्हें असाधारण व्यक्तित्व का धनी बताया तथा व्याख्यानमाला के विषय की प्रासंगिकता की सराहना की। पुस्तकालय के अध्यक्ष महावीर बजाज ने स्वागत भाषण में कहा कि जुगल किशोर जैथलिया व्यक्ति निर्माण के प्रेरक थे और इतिहास की अनकही घटनाओं से स्वयं को जागरूक कर भावी पीढ़ी को तैयार करना आवश्यक है, तभी भारत का स्वाभिमान सुरक्षित रह सकेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवा गायक अमित पटवा द्वारा प्रस्तुत गीत इतिहास गा रहा है दिन-रात गुण हमारा से हुआ। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं शॉल भेंट कर सर्वश्री बंशीधर शर्मा, रामचंद्र अग्रवाल, नंदकुमार लढ़ा, डॉ. तारा दूगड़, कृष्णा काकड़ा एवं मनीष जैन ने किया। शांति मंत्र का पाठ अमित ओझा ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रावत ने किया। मंच पर कुमारसभा के उपाध्यक्ष भागीरथ चांडक भी उपस्थित रहे।

समारोह में शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रकुमार जैन, रमाकांत सिन्हा, भागीरथ सारस्वत, हरभजन सिंह, अविनाश गुप्ता एवं अरुण कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा।

## धूमधाम से संपन्न हुआ श्री शाकंभरी जयंती महोत्सव



**कोलकाता :** श्री शाकम्भरी भक्तजन सेवा समिति की बैनर तले पौष पूर्णिमा यानी शाकंभरी जयंती के मौके पर पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर में विविध प्रकार के धार्मिक आयोजन किए गए। सवा सवा आठ बजे गणेश पूजन और गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ शाकंभरी जयंती महोत्सव रात नौ बजे महाआरती के साथ संपन्न हुआ। समिति के प्रमुख नवीन झा ने बताया कि इस दौरान पंचाग पूजन, सात वेदी पूजन, माता शाकंभरी का अभिषेक, आवरण पूजन, 1100 जवा पुष्प अर्चन, कन्या पूजन, ज्योत, श्री शाकंभरी चालीसा, दुर्गा सप्तशती पाठ व भजन-कीर्तन समेत नाना प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान हुए। महोत्सव को सफल माधव शास्त्री, विपुलजी, जयकुमारजी, नंदनजी विनायक शास्त्री, मुन्नाजी, गिरधर गोपालजी, अजय शास्त्री, सुनील पाठक, कृष्ण कुमार झा, विकास चौधरी, अनिता-ओम अग्रवाल, अंकित मिश्रा, ममता-राजकुमार शर्मा व प्रदीप चिरानियां ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### जैन साधना पद्धति की आधारशिला है सामायिक मुनिश्री जिनेश कुमारजी

## विश्व को विश्व शांति एवं विश्व मैत्री का संदेश देता तेरापंथ का युवा-अभिनव सामायिक फेस्टिवल

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा 3 के सान्निध्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में अभिनव सामायिक फेस्टिवल का भव्य आयोजन तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा द्वारा हावड़ा मिल्स क्लब हाऊस, विवेक विहार में किया गया। इस कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के अतिरिक्त उत्तर हावड़ा, साउथ कोलकाता, पूर्वांचल, टॉलीगंज, बेहाला,कोलकाता मैन, उत्तर कोलकाता, लिलुआ और हिंदमोहर की परिषद भी सहभागी बनीं।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत बागरेचा, ईस्ट जोन के संयोजक आदित्य संचेती, अभातेयुप




के कार्यसमिति सदस्य संदीप डागा, राजीव बोथरा, हर्ष दुगड़, भरत सिरोहिया, नेत्रदान सलाकार सुनील दुगड़ आदि गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रायोजक मदनलाल - राजेंद्र कोटेचा एवं मनोज कुमार - राहुल - दक्ष कोठारी थे।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा - भगवान महावीर के दर्शन का केंद्र बिंदु समता है। समता धर्म का प्राणतत्व है। जहां समता है वहां धर्म है, जहां विषमता है वहां अधर्म है। विषमता से समता, चंचलता से स्थिरता विभाव से स्वभाव मृत्यु से अमरत्व की ओर प्रस्थान करना सामायिक है। सामायिक जैन साधाना पद्धति की आधारशिला है। सामायिक अध्यात्म के क्षेत्र में प्रवेश करने का पासपोर्ट है। सामायिक जीव है संबर है। नौवां व्रत है भगवान की आज्ञा में है। गृहस्थ समता की साधना से वंचित न रहे। इसलिए सामायिक व्रत का विद्यान किया गया है। जिससे वह एक मुहूर्त आत्मचिंतन के द्वारा समता का विकास कर सके। मुनिश्री ने आगे कहा - प्रत्येक व्यक्ति जीवन में सफलता चाहता है। सफलता का महत्वपूर्ण सूत्र है वर्तमान में जीना। जागरुकता से जीवन, समता से जीवन जीना, समता की आराधना का महत्वपूर्ण अंग है सामायिक। सामायिक से अनासक्ति निस्पृहता व सकारात्मक सोच का विकास होता है। अच्छी संख्या में भाई, बहिनों ने सामयिक की वे सभी साधुवाद के पात्र है।

इस अवसर पर अभातेयुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत बागरेचा, ईस्ट जोन संयोजक आदित्य संचेती ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण तेयुप साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चोरडिया ने व आभार मंत्री अमित बेगवानी के किया। इस अवसर पर प्रायोजक व अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद मे किया। इस अवसर पर छ. सौ से अधिक व्यक्तियों ने अभिनव सामायिक में हिस्सा लिया कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ता का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## जिसके सुख-दुःख के केंद्र में हरि वो कभी हारेगा नहीं : पं. शंभुशरण लाटा

**हावड़ा :** 'ये जो संसार है ना उसमें एक दुःख मिटाओ तो, दूसरा आ जाता है और दूसरा दुःख मिटे तो तीसरा तैयार है। यहां दुःख ही दुःख है। गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं - ये संसार दुखालयम है। यहां केवल दुःख ही है और कुछ नहीं तो इसे हरि इच्छा मानकर मिटाते चलो।' यह उद्गार आज बेलूर के बिका बैंक्वेट हॉल में धनानिया परिवार की ओर से आयोजित नव-दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन की कथा सुनाते हुए परम श्रद्धेय श्री शंभुशरण जी लाटा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा दुःख आ जाये जो सहन नहीं हो रहा हो तो हमें यह मानना चाहिए कि यह दुःख हरि इच्छा से आया है क्योंकि अगर दुःख को हम किसी व्यक्ति से जोड़ेंगे तो उससे हमारा आपसी बैर बढ़ेगा, मन अशांत होगा लेकिन अगर हरि




इच्छा मान लेंगे और यह समझ लेंगे कि मुझे भला कौन दुःखी कर सकता है तो फिर मन बहुत हल्का हो जायेगा और जिसने हमें दुःख दिया है उसके प्रति हमारा कुभाव भी नहीं होगा। पं. लाटा ने कहा कि इसी प्रकार अगर जीवन में सुख आ जाये तो उसे हरि कृपा मानो। जो सुख-दुःख दोनों में हरि को केंद्र में रखेगा वो कभी हारेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जीना सीखो! जब तक संसार है तब तक दुःख आयेगा, यह संसार का नियम है। पं. लाटा ने यह भी कहा कि जब भी जीवन में ऐसा दुःख आ जाये कि कोई रास्ता न दिखे तो किसी दूसरे से मत पूछो, वो अपनी बुद्धि के अनुरूप बतायेगा, पूछो तो अपने भीतर बैठे भगवान से पूछो। अपने सारगर्भित प्रवचन से उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए पं. लाटा जी ने कहा कि आध्यात्म हमें स्वरुप की बात सिखाता है। रूप का क्या है? रुप सदा थोड़े ही एक जैसा रहता है।जिसको स्वरुप का आनन्द आ जाये वह रूप में आसक्त नहीं होता। रूप सबके अलग-अलग हैं लेकिन स्वरुप सबका एक ही है। मैं जीव नहीं शिव हूं, यह हमारा स्वरुप है। आयोजकों ने बताया कि यह कथा 11 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक होगी।

# कोन्नगर में तृणमूल पार्षद को जान से मारने की धमकी का आरोप, शिकायत दर्ज

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर में तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को अपराधियों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप सामने आया है। शनिवार की रात कोन्नगर नगरपालिका के वार्ड 17 के पार्षद विश्वरूप चक्रवर्ती ने कुछ बदमाशों पर हत्या और बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

इस मामले में उन्होंने उत्तरपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वरूप चक्रवर्ती के अनुसार, शनिवार की रात कुछ बदमाश उनके घर के सामने पहुंचे और उन्हें जान



से मारने तथा बम फेंकने की धमकी दी। उस समय वे घर पर मौजूद नहीं थे। उनके परिवार के सदस्यों ने फोन कर उन्हें इस घटना की जानकारी दी। पार्षद का दावा है कि बाद में जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखा तो पाया कि एक लाल रंग की कार में सवार होकर कुछ लोग आए थे और धमकी देकर चले गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस घटना के पीछे तृणमूल युवा नेता के करीबी दिव्येंदु भट्टाचार्य का हाथ हो सकता है। रविवार की सुबह थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद विश्वरूप चक्रवर्ती ने कहा कि शनिवार की रात मेरे घर जाकर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। उस समय मैं घर पर नहीं था। घरवालों ने फोन कर बताया। सीसीटीवी फुटेज देखकर मैं कुछ लोगों को पहचान पाया हूं। वे सभी बदमाश हैं। मैंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पहले भी मुझ पर जानलेवा हमला करने की कोशिश हो चुकी है। हालांकि, जिन पर आरोप लगाए गए हैं, उन दिव्येंदु भट्टाचार्य ने पूरे मामले को सिरे से खारिज किया है। इस पूरी घटना को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा कटाक्ष किया है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

### मंत्री अरूप रॉय ने बीएलए- 2 के काम की तारीफ, कहा...

# 'आयोग की साजिश नाकाम कर दी'

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर के सुनवाई के बीच, मध्य हावड़ा के विधायक और राज्य के मंत्री अरूप रॉय ने अपने विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के बीएलए- 2 को सम्मानित किया। उन्होंने दावा किया कि बीएलए- 2 की कड़ी मेहनत की वजह से ही चुनाव आयोग की 'साज़िश' को रोका जा सका।

रविवार की दोपहर, मध्य हावड़ा के वार्ड 25 के बकुलतला मैदान में बीएलए- 2 के लिए एक सम्मान समारोह रखा गया था। मंत्री ने खुद मंच पर हर वार्ड को उत्तरी सौंपी और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बीएलए ने इस काम को एक चुनौती के तौर पर लिया है। उन्होंने दिल्ली से असली वोटरों के नाम हटाने की जो साज़िश रची गई थी, उसका



मुकाबला किया है। मंत्री ने आगे कड़े शब्दों में कहा कि मैंने अपनी ज़िंदगी में ऐसा नकली चुनाव आयोग कभी नहीं देखा। भारत में ऐसा आयोग कभी न हो। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के दौरान दूसरी पार्टियों के बीएलए- 2 जमीन पर लगभग कहीं नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि इन कुछ महीनों में तृणमूल कार्यकर्ताओं और बीएलए- 2 ने साबित कर दिया है कि वे कितने सक्रिय हैं। दूसरी तरफ, बीएलए- 2 के सदस्य सम्मन पाकर खुश थे।

## इलाज में लापरवाही का आरोप, गर्भवती महिला की मौत के बाद हंगामा

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के डोमजूर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में एक मरीज की मौत के बाद तनाव का माहौल बन गया। मृत महिला का नाम मौसमी नस्कर (32) है। आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मरीज की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, डोमजूर की रहने वाली गर्भवती महिला मौसमी नस्कर को रविवार सुबह कटलिया स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। नर्सिंग होम में उनका गर्भपात कराए जाने की योजना थी। आरोप है कि डॉक्टर द्वारा दवा दिए जाने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद नर्सिंग होम प्रबंधन ने परिजनों को बाहर से रक्त लाने के लिए भेजा और कुछ समय बाद तत्काल अस्पताल पहुंचने की सूचना दी। परिजन जब नर्सिंग होम पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि मौसमी नस्कर की मौत हो चुकी है। इस खबर से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने टेबल, कुर्सी और अन्य फर्नीचर पलट दिए और तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर पुलिस और रैफ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि इलाज में ला-परवाही के कारण ही उनकी बेटी की मौत हुई है, वहीं नर्सिंग होम में ड्यूटी पर तैनात एक नर्स ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि चिकित्सक ने नियमानुसार उपचार किया और पर्ची के अनुसार सभी दवाएं दी गई थीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोगरा में पुलिस ने लूट की साजिश की नाकाम, दो गिरफ्तार

❑ **आरोपियों के पास से पिस्तौल और कारतूस जब्त**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के मोगरा थाना इलाके में पुलिस ने लूट की एक साज़िश नाकाम कर दी। पता चला है कि पुलिस ने लूट के शक में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम अजय धुले उर्फ संजय (29) और रूपचंद मंडी (35) है। उन्हें मोगरा थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अजय का घर दादपुर थाने के हरित इलाके में और रूपचंद का घर मोगरा थाना इलाके के चपरुई में है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि



इलाके में तोड़फोड़ की गतिविधियां हो सकती हैं, जिसके बाद उन्हें अलर्ट किया गया। इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया गया। पुलिस टीम ने डिगसुई इलाके से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से एक पिस्टल, कारतूस, एक राइफल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस सुपरिटेंडेंट अभिजीत सिन्हा महापात्रा ने बताया कि मोगरा थाना इलाके में लूटपाट की योजना थी। खबर मिलने के बाद इलाके में पेट्रोलिंग शुरू की गई। अभियान के दौरान दो संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई क्रिमिनल सेक्शन के तहत केस दर्ज हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस प्लान में कोई और तो शामिल नहीं है। इसके अलावा, यह भी पता लगाया जा रहा है कि पिस्टल कहां से लाई गई थी और बाइक अरेस्ट किए गए लोगों ने ही चुराई थी या नहीं।

## वैदिक संगठन ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**कोलकाता :** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच वैदिक संगठन ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। संगठन के सदस्यों ने रात के समय शहर के विभिन्न इलाकों में फुटपाथों पर सो रहे असहाय लोगों तक पहुंचकर उन्हें ठंड से राहत प्रदान की। यह सेवा कार्य वैदिक संगठन द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। कंबल वितरण अभियान में संजय अग्रहरि, राजेश स्राव, प्रदीप साव, विवेक जायसवाल, शशिकांत, राम मोहन, गौरव, गौतम, सुजीत, धीरज, निर्दोष, आनंद सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा।



## आउट्राम घाट पर गंगासागर तीर्थयात्री संयुक्त समिति के सेवा शिविर कार्यालय का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** आउट्राम घाट में रविवार को गंगासागर तीर्थयात्री संयुक्त समिति के सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष तारकनाथ त्रिवेदी ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सेवा हमारा परम धर्म है। मेला शुरू होने में अब कुछ समय ही बाकी रह गया है। संयुक्त समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न संस्थाओं के सदस्य सेवा कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास रहेगा कि देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को सुंदर, सुव्यवस्थित और सुरक्षित मेला प्रांगण उपलब्ध कराया जाए। साहित्यकार डॉ प्रेम शंकर त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को बतौर प्रधान वक्ता संबोधित किया। इस अवसर पर समाजसेवी सभाजीत मिश्रा ने संयुक्त समिति के कार्यालय का उद्घाटन




किया। कार्यक्रम में प्रधान अतिथि के रूप में हीरालाल पुरोहित के अलावा डॉ. राजेश कुमार सिंह, मनोज तिवारी और समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल राय मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सह-सचिव उमा शंकर पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रमुख सचिव भरत मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह-सचिव अनिल सिंह, गंगासागर मेला प्रभारी मुन्ना मिश्रा, सह मेला प्रभारी निखि-लेश मिश्रा, गंगासागर तिवारी, कोषाध्यक्ष उदय शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष सुधाकर तिवारी तथा कार्यकारी सदस्यों में पशुपतिनाथ झा, रमाशंकर गुप्ता और अखिलेश जायसवाल की सक्रिय भूमिका रही।

## एसआईआर : आज मतुआ समुदाय राज्यभर में करेगा विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इससे पहले राज्य में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासी गर्माहट तेज हो गई है। खासतौर पर, मतुआ समुदाय में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी गुस्से के चलते टीएमसी समर्थित ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के एक गुट ने सोमवार को पूरे राज्य में सड़क जाम का आह्वान किया है। मतुआ महासंघ का आरोप है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। उनका कहना है कि इससे मतुआ समुदाय को खास तौर पर नुकसान हो रहा है। इस विरोध की तात्कालिक वजह




की बात करें तो, इसकी बड़ा कारण श्यामनगर के एक मतुआ 'गोसाय' (धार्मिक गुरु) पर हुआ कथित हमला है। मतुआ महासंघ का आरोप है कि भाजपा और आरएसएस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर के इशारे पर मतुआ धार्मिक नेताओं पर सुनियोजित हमला किया। महासंघ ने कहा कि सोमवार को होने वाले सड़क जाम के दौरान गोसाय पर हुए हमले की तुरंत जांच और वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों को दोबारा जोड़ने की मांग की जाएगी।

## संजीवनी सेवा ट्रस्ट और मित्र संघ अस्पताल का निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**हावड़ा :** शहर की सुप्रसिद्ध सेवा संस्था संजीवनी सेवा ट्रस्ट एवं मित्र संघ अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में हावड़ा स्थित बक्सरा हाई स्कूल परिसर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पुरुष एवं महिला सहित कुल 133 नेत्र रोगियों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण कार्य संजीवनी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त सचिव एवं शिविर प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता की प्रत्यक्ष निगरानी में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान जिन रोगियों को दवा की आवश्यकता थी, उन्हें निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वहीं, चश्मे के लिए उपयुक्त पाए गए सैकड़ों रोगियों को आगामी गणतंत्र दिवस से पूर्व निशुल्क चश्मा प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इसके अलावा मोतियाबिंद से पीड़ित



रोगियों का मित्र संघ अस्पताल, हावड़ा में माइक्रो सर्जरी पद्धति द्वारा लेंस प्रत्यारोपण कर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। यह शिविर विशिष्ट समाजसेवी विजय कुमार सिंह, मित्र संघ अस्पताल के सचिव नटवर बंग तथा संजीवनी सेवा ट्रस्ट के सचिव मानव सराफ के मार्गदर्शन एवं परामर्श से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में बक्सरा ईशा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के आलोक चटर्जी, विजय मिश्रा, पवन कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ चक्रवर्ती, डॉ. शौकत चक्रवर्ती, अनुज दुबे (मुन्ना दा), प्रदीप शर्मा एवं नरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

### भाटपाड़ा दिनदहाड़े गोलीबारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के भाटपाड़ा नगरपालिका इलाके में रविवार को गोलीबारी की गई। इस घटना से स्थानीय लोग डरे हुए हैं। हालांकि, स्थानीय पार्षद मिली दत्ता ने दावा किया है कि गोलीबारी के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर करीब दो बजे स्थानीय लोगों ने भाटपाड़ा नगरपालिका के वार्ड 6 के नीम बागान इलाके में गोलियों की आवाज सुनी। पुलिस को सूचना दी गई। कुल चार राउंड गोलियों की आवाज सुनी गई। हालांकि, पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने तक यह कन्फर्म नहीं कर पाई कि गोलियां किसने चलाईं। खबर मिलने के बाद वार्ड नंबर छह की पार्षद मिली दत्ता मौके पर गईं।

## पंकज सिंघानिया की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर संपन्न

❑ **सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान कर पंकज जी को अर्पित श्रद्धा और समाज सेवा का संदेश फैलाया**

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, उत्तर कोलकाता भाजपा के सचिव, समर्पण संस्था के संस्थापक और सैल्यूट तिरंगा उत्तर कोलकाता के अध्यक्ष स्वर्गीय पंकज सिंघानिया की पावन स्मृति में रविवार को बड़ाबाजार स्थित बड़तल्ला स्ट्रीट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन समर्पण परिवार और सैल्यूट तिरंगा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। श्रद्धांजलि सभा के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष तमघनो घोष, भाजपा पार्षद विजय ओझा, मीनादेवी पुरोहित, सजल घोष, राज्य भाजपा नेता तुषार कांति घोष, रितेश तिवारी, राजू



बनर्जी, सायंतन बसु, प्रकाश किल्ला, ब्रह्मानंद बंग, पूर्णिमा चक्रवर्ती, भोला सोनकर, पूर्णिमा कोठारी, राजेश राय, श्याम जायसवाल, दिपू बैठा, कुशल पांडेय, विकास यादव, माला आचार्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने पंकज सिंघानिया के जुझारूपन और समाज सेवा कार्यों को याद किया। आयोजन को सफल बनाने में बृजेश झा, बृजेश बागड़ी, आशीष त्रिवेदी, प्रीति सेठिया, बबलू साव, नीरज अग्रवाल, रितेश सिंह, हर्ष पंसारी, यश बिनानी, रोशन हलवाई, सिद्धार्थ जैन, आकाश सोनकर, उत्तम माली, चंदन सिंह, विवेक लोहिया, मुकुंद दुबे, रविकांत मिश्रा ने योगदान दिया। यह जानकारी प्रकाश किला द्वारा दी गई है।

# पूर्व रेलवे ने मालदह मंडल में लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर नए सबवे का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे लगातार व्यस्त लेवल क्रॉसिंग को सुरक्षित और आधुनिक वैकल्पिक संरचनाओं से प्रतिस्थापित कर रहा है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मालदह मंडल ने आजमगढ़-न्यू फरक्का खंड में स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 1/सी/ई के स्थान पर एक नया लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) 3 जनवरी 2026 को सफलतापूर्वक कमीशन किया। यह सबवे पोराडांगा और आजमगढ़ स्टेशन के बीच स्थित है, जिससे स्थानीय लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और रेल परिचालन बिना किसी रुकावट के सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा।

नव-निर्मित एलएचएस में कुल 10 बॉक्स सेगमेंट और 9 बेस स्लैब लगाए



गए हैं। इस कार्य को आजमगढ़ जंक्शन और पोराडांगा स्टेशनों के बीच ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयास और सूक्ष्म योजना के साथ पूरा किया गया। शैडो ब्लॉक अवधि में परिचालन सुरक्षा और अवसंरचना की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्थायी पथ एवं सहायक कार्य भी किए गए। इन कार्यों के अंतर्गत बल्लालपुर स्टेशन सीमा में 520 ट्रैक मीटर का कंटीन्यूअस ट्रैक रिन्यूअल (सीटीआर-पी) किया गया। इसके साथ ही आठ सेट टर्नआउट कार्यों का नवीनीकरण और संशोधन किया गया, जिसमें दो पूर्ण सेट को 60 किलोग्राम रेल में परिवर्तित किया गया तथा छह स्विच बदले गए। इससे ट्रैक की सुरक्षा, परिचालन दक्षता और परिसंपत्तियों की आयु में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इसके अलावा, एलएचएस की कनेक्टिविटी के लिए धुलियान गंगा-निमटीता खंड में 45 मीटर रेल पा-इलिंग का कार्य किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जंगीपुर रोड स्टेशन सीमा में दो गर्डरों की टेन्साइल संरचना का निर्माण भी पूरा किया गया। यह परियोजना पूर्व रेलवे की लेवल क्रॉसिंग उन्मूलन, यात्री सुरक्षा सुदृढ़ीकरण और आधुनिक इंजीनियरिंग के माध्यम से रेल अवसंरचना को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जग जयंत सेवा ग्रुप की सराहनीय पहल, जरूरतमंद गुजराती परिवारों को अनाज व शीतकालीन सामग्री का वितरण

**कोलकाता :** श्री गटूभाई लाठीया प्रेरित साधार्मिक ग्रुप के तत्वावधान में जग जयंत सेवा ग्रुप द्वारा समाजसेवा की एक सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद गुजराती परिवारों को सहायता प्रदान की जा रही है। संस्था द्वारा प्रत्येक माह विभिन्न गुजराती समाज के लगभग 90 साधारण परिवारों को अनाज की किट वितरित की जाती है। इसके साथ ही शीत ऋतु के दौरान शॉल, कंबल, दरी सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी दी जाती है।

इसके अलावा, जरूरतमंद बच्चों की स्कूल फीस में भी सहयोग किया जाता है।

इसी सेवा क्रम के अंतर्गत गुरुवार को संस्था की ओर से



साधारण परिवारों को अनाज की किट, चादर, कंबल एवं शॉल का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य एवं सेवा भावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रमुख रूप से दिनेश गंगवाल (जेन), चंद्रेश (रोमी) मेधाणी, जयेश लाठिया, अतुल वोरा, शशी दोषी, शैलेश गोसलिया, अंकित लाठिया, दीप गोसलिया, पीयूष वाजा, रजनी वशा सहित जीवदया ग्रुप के कार्यकर्ता एवं अन्य सेवाभावी लोग सक्रिय रूप से इस सेवा कार्य में लगे रहे। इस अवसर पर दिनेश गंगवाल एवं चंद्रेश मेधाणी ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस नेक कार्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### हावड़ा राम जानकी समिति की 30वीं वार्षिक आम सभा संपन्न




**हावड़ा, समाज्ञा :** मध्य हावड़ा की समाजसेवी संस्था हावड़ा राम जानकी समिति ने रविवार को बेलिलियस पार्क में अपनी 30वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। सभा में वर्षभर की गतिविधियों और सेवा कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पिछली कार्यकारिणी को बहाल रखते हुए संगठन के अध्यक्ष उमेश जायसवाल, उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, सचिव संजय गुप्ता एवं गंगा प्रसाद जायसवाल, कोषाध्यक्ष बृजेश जायसवाल और कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश, जय प्रकाश, सहर्ष, सुमित एवं अमित को उनकी जिम्मेदारियों में पुनः शामिल किया गया। सदस्यों ने संस्था के सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पहली बार सलाहकार समिति का गठन करने का निर्णय लिया। बैठक में संस्थापक सदस्य शम्भू, सत्येन्द्र, अयोध्या प्रसाद, गोरख नाथ, बाबूलाल जायसवाल सहित सभी नियमित सदस्य उपस्थित रहे।

# टेबल पर नोटों का पहाड़, फ्रेम में तृणमूल नेता

### वायरल वीडियो ने राजनीतिक विवाद किया खड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक नेता से जुड़ा कथित नकदी लेनदेन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। वायरल वीडियो में उत्तर 24 परगना जिले के बारासात-1 पंचायत समिति के उपाध्यक्ष मोहम्मद गियासुद्दीन मंडल को स्थानीय व्यवसायी रकिबुल इस्लाम के साथ बैठे देखा गया, जिसकी मेज पर बड़ी मात्रा में नकदी बिखरी हुई प्रतीत हो रही थी। क्लिप में फोन पर एक आवाज यह पूछती सुनाई देती है कि खरीदारी नकद में होगी या फाइनेंस पर, जबकि कुछ देर बाद एक अन्य व्यक्ति नायलॉन का बैग लेकर वहां पहुंचता है, उसमें भी कथित तौर पर नकदी दिखाई देती है। वीडियो सामने



आने के बाद अवैध नकदी लेनदेन के आरोप लगाए जा रहे हैं। समाज्ञा इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, मंडल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह वीडियो वर्ष 2022 का है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मैं वहां केवल बैठा हुआ था। यह पुराना वीडियो है। कुछ दोस्त जमीन का सौदा कर रहे थें। मुझे बस इतना ही पता है। विपक्षी भाजपा ने आरोप लगाया कि वीडियो क्लिप में सत्ताधारी पार्टी का 'असली चेहरा' झलक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### मिर्जापुर में धर्मांतरण का आरोपी गिरफ्तार

**मिर्जापुर:** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में पुलिस ने एक युवती से मारपीट, धमकी और धर्मांतरण के एक आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना हलिया में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने थाना क्षेत्र के गांव थोथा निवासी आजाद उर्फ इम्तियाज के विरुद्ध तहरीर देकर अपनी भांजी के साथ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने व धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर थाना हलिया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 351(3) (आपराधिक धमकी) और उप्र विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी।

### राजस्थान में फतेहपुर सबसे ठंडा, जयपुर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री

**जयपुर:** राजस्थान में मौसम पिछले 24 घंटों के दौरान शुष्क रहा और राज्य के कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, इस अवधि में पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर शीत दिवस और शीत लहर की स्थिति दर्ज की गई। सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। न्यूनतम तापमान सीकर में 2.5 डिग्री सेल्सियस, लूणकरनसर में 2.8 डिग्री सेल्सियस, वनस्थली में चार डिग्री सेल्सियस और सिरोही, पाली एवं चूरू में 4.4 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। राज्य की राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में हिस्सा लेने वृन्दावन पहुंचे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

**मथुरा (उप्र):** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए रविवार सुबह भोपाल से रेल मार्ग द्वारा वृन्दावन स्थित केशवधाम पहुंचे। संघ के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह सात दिन के प्रवास पर वृन्दावन में रहेंगे। संघ के सूत्रों के अनुसार, भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संघ प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक की शुरुआत हुई। सप्ताहभर होने वाली इस बैठक के पहले दिन चार सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# पिछले साढ़े 11 वर्षों में भारत में पनपी नयी खेल संस्कृति : मुख्यमंत्री



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में हर भारतवासी ने देश के भीतर एक नयी 'खेल संस्कृति' को पनपते देखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खेलो इंडिया' अभियान के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव पैदा किया है। मुख्यमंत्री ने यहां 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में गांव से लेकर शहर तक, ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताएं एक आम नागरिक की भागीदारी से आयोजित हो रही हैं और इसी क्रम में 43 वर्षों बाद राज्य में सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में खेलों की आधुनिक बुनियादी संरचना का विकास हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'पिछले साढ़े 11 वर्षों में पूरे देश ने भारत के समग्र विकास को देखा है। इस दौरान हर भारतवासी ने एक नयी खेल संस्कृति को देश के अंदर पनपते देखा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में 'खेलो इंडिया' अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव जागृत किया।' उन्होंने कहा कि इस खेल संस्कृति का सार यह है कि हर भारतीय के जीवन में खेल को भी स्थान मिले और खेल को अब समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास के माध्यम के रूप में देखा जाए।

### कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात



**लखनऊ:** कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सभी 24 सदस्यों का स्वागत किया। कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष नरेश कुमार चावड़ा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश के अंदर एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदस्यों को अयोध्या में रामलला, काशी में काशी विश्वनाथ धाम तथा प्रयागराज के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 8-9 वर्ष पहले त्योहारों पर बाजार चीन के उत्पादों से भरा रहता था, लेकिन हमने 2018 में परंपरागत उद्यम को 'एक जिला-एक उत्पाद' के माध्यम से आगे बढ़ाया। इन उत्पादों को डिजाइन, तकनीक व प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया। इन्हें सितंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शोकेस का भी अवसर देते हैं। योगी ने बताया कि आज उप्र के बाजार से चीन के उत्पाद गायब हो गए हैं।

## राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाएंगे : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को केंद्र में रखते हुए नीतियों का निर्माण कर रही है। शर्मा ने कहा कि इसी कड़ी में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी, राजस्थान एआई एमएल पॉलिसी जैसी प्रमुख नीतियां लाई गई हैं। ये नीतियां राजस्थान को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में हब बनाएगी। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 में आमंत्रित कंपनियों के प्रतिनिधिमंडलों से संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, ''राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से आठ लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशकों का राजस्थान में विश्वास का प्रतीक है। राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाएंगे।'' मुख्यमंत्री शर्मा ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में राजस्थान आएं। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के साथ निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनके सुझाव और आवश्यकताओं पर त्वरित कार्य करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने राजीविका की महिलाओं को स्टार्टअप्स से जोड़ने के निर्देश भी दिए।''

## राजस्थान : बूंदी में तीर्थयात्रियों पर ट्रक पलटने से तीन की मौत, आठ घायल

**कोटा :** बूंदी जिले के कोटा-लालसोत राजमार्ग पर रविवार को कपास से लदा एक ट्रक पैदल यात्रा कर रहे तीर्थयात्रियों पर पलट गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद, आक्रोशित ग्रामीणों ने राजमार्ग पर प्रदर्शन किया और पलटे हुए ट्रक से सड़क पर बिखरी कपास में आग लगा दी, जिससे इलाके में यातायात बाधित हो गया। मृतकों की पहचान किशन लाल केवट (23), कलूलाल (34) और राजाराम के रूप में हुई है। ये सभी बूंदी जिले के निवासी थे। एक अधिकारी ने बताया कि आठ घायलों को कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। बिरला ने चिकित्सकों को घायलों की प्रभावी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से बात की।

## बिहार में जब्त की गई वस्तुओं के दुरुपयोग के आरोप में एसएचओ, एसआई निलंबित

**हाजीपुर (बिहार):** वैशाली पुलिस ने रविवार को एक थानाध्यक्ष (एसएचओ) समेत दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि पिछले महीने की गई छापेमारी के दौरान इन अधिकारियों पर प्रक्रियात्मक चूक करने और जब्त की गई वस्तुओं का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, एसएचओ संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने 30 दिसंबर को लालगंज पुलिस थाना क्षेत्र में रामप्रीत साहनी के आवास पर छापा मारा, जिसमें कई वस्तुएं जब्त की गईं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए वैशाली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ललित मोहन शर्मा ने कहा, उन्होंने जब्ती की वीडियोग्राफी नहीं की, और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप सही हो सकते हैं।

## संभल में सरकारी जमीन से अवैध मस्जिद-मदरसा हटाए गए, 20 गरीबों को पट्टे पर आवंटित





**संभल :** संभल जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मस्जिद-मदरसे को मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वयं ध्वस्त किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने मलबा हटवाकर इन जमीनों के पट्टे 20 गरीब लोगों को आवंटित कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं को बताया कि असमोली थाना क्षेत्र के सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर गांव में गाटा संख्या 537 की 1,339 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर 20 से 25 वर्ष पहले अवैध कब्जा कर मस्जिद और मदरसे का निर्माण किया गया था। उन्होंने बताया कि मदीना मस्जिद नामक इस ढांचे ध्वस्त कर जमीन को अब पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर 20 निर्धन व्यक्तियों को आवंटित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और मदरसे को मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वयं हटा दिया था जिसके बाद प्रशासन ने मलबा और अवशेष हटवाकर भूमि को साफ कराया और 20 लोगों को पट्टे पर आवंटित कर दिया। इस भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके आवास बनाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और मदरसे को हटाने के लिए संबंधित पक्षों को चार माह का नोटिस दिया गया था, जिसकी अवधि पूरी हो चुकी थी।

## झारखंड के बैद्यनाथ धाम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पूजा-अर्चना की



**देवघर:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना की। कुमार के आगमन पर मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान किया, जिसके बाद उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया। इससे पहले देवघर पहुंचने पर जिला पुलिस ने उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। कुमार ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि वह देश और राज्य की समृद्धि के लिए प्रार्थना करने अपने परिवार के साथ झारखंड आए हैं। सोमवार को, कुमार दुमका में बासुकीनाथ मंदिर में पूजा करेंगे और दिल्ली लौटने से पहले बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) से भी मिलेंगे। उनका यह दौरा राज्य में फरवरी में मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) की संभावित शुरुआत से पहले हुआ है।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में बच्ची से बलात्कार के दोषी को 25 साल की कैद

**बलिया (उप्र):** बलिया की एक स्थानीय अदालत ने एक बच्ची से बलात्कार के ढाई साल पुराने मामले में उसके पड़ोसी को दोषी करार देते हुए 25 साल के कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 25 जून 2023 की शाम को आठ साल की बच्ची अपने घर के सामने चापाकल पर स्नान कर रही थी, तभी उसका पड़ोसी सुरेन्द्र राम (45) उसका मुंह दबाकर उसके स्नानगृह में ले गया जहां उसने उससे बलात्कार किया। इस मामले में बच्ची के पिता की तहरीर पर सुरेन्द्र राम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था।

### गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 10 साल से प्रथम वर्ष में अटका है एमबीबीएस का छात्र

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसने प्रशासन को नियमों से जुड़ी पेचीदगियों से जूझने पर मजबूर कर दिया है। यह मामला 2014 बैच के एक एमबीबीएस छात्र से जुड़ा है, जो एक दशक से अधिक समय से प्रथम वर्ष में ही अटका हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि समस्या को और भी जटिल बनाते हुए, छात्र के पिता ने कॉलेज अधिकारियों के फोन कॉल को बार-बार अनसुना कर दिया है और अपने बेटे के शैक्षणिक भविष्य के प्रति कोई चिंता नहीं दिखाई है। कॉलेज अधिकारियों के अनुसार छात्र 2014 से नए स्नातक छात्रावास में रह रहा है, लेकिन पिछले 11 वर्षों में एक बार भी प्रथम वर्ष की एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहा है। वर्ष 2015 में परीक्षा में असफल होने के बाद, उसने न तो दोबारा परीक्षा फॉर्म भरा और न ही बाद में परीक्षा दी। वह नियमित पढ़ाई में भी संलग्न नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि प्रचलित चिकित्सा शिक्षा नियमों के अनुसार, प्रथम वर्ष की एमबीबीएस परीक्षा में असफल होने वाले छात्र को नए सिरे से प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं होती है और वह केवल परीक्षा फॉर्म भरकर दोबारा परीक्षा दे सकता है। इस प्रावधान का हवाला देते हुए, छात्र का नामांकन तकनीकी रूप से वैध बना हुआ है, जिससे कॉलेज को उसका प्रवेश रद्द करने से रोका जा रहा है।

# व्यापार

## बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय: इरडा

**नयी दिल्ली:** भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में 'गलत बिक्री' एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए 'मूल कारण विश्लेषण' करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में 1,20,726 थी, जो 2024-25 में 1,20,429 रही। हालांकि, 'अनुचित व्यावसायिक व्यवहार' (यूएफबीपी) के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। इस प्रकार, कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 19.33 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.14 प्रतिशत हो गई है। 'गलत बिक्री' का अर्थ उपभोक्ताओं को नियम, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में सही जानकारी दिए बिना बीमा उत्पादों की बिक्री करना है। इरडा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में कहा, 'गलत बिक्री को रोकने या कम करने के लिए बीमा कंपनियों को उत्पाद की उपयुक्तता का आकलन करने, वितरण चैनल पर उचित नियंत्रण लागू करने और गलत बिक्री की शिकायतों के समाधान के लिए योजना बनाने की सलाह दी गई है, जिसमें समय-समय पर 'मूल कारण विश्लेषण' करना शामिल है।'

## लग्जरी कार खंड में ईवी की पैठ जीएसटी सुधारों के बाद घटी

**नयी दिल्ली:** लग्जरी कार खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की पैठ में 'जीएसटी 2.0' सुधारों के बाद लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट हुई है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि अब इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) संस्करण वाली गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत के मामले में बेहतर विकल्प दे रही हैं। वैसे तो ये रुझान किफायती और मध्यम खंड में भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन ऐसा शुरुआती लक्जरी खंड में खासतौर से देखा जा रहा है, जहां नई जीएसटी दरों के तहत ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'अगर मैं अक्टूबर और नवंबर (2025) को देखूं, तो व्यापक बाजार के साथ ही लग्जरी में भी यह 2 से 3 प्रतिशत घटा है। अब ईवी की तुलना में आईसीई का टीसीओ बहुत बेहतर है। जब ये समीकरण बदलेगा, हम ईवी की पैठ में बदलाव देख सकते हैं।'

# भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक, चीन को पछाड़ाः कृषि मंत्री



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को 25 फसलों की 184 नई किस्में जारी करते हुए कहा कि भारत 15.18 करोड़ टन के कुल उत्पादन के साथ चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बन गया है। चौहान ने कहा कि इन नई उच्च उपज वाली बीज किस्मों से फसल उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई किस्में किसानों तक जल्दी पहुंचें। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 क्षेत्रीय फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि देश ने अधिक उपज देने वाले बीजों के विकास में बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 1969 में राजपत्र अधिसूचना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से कुल 7,205 फसल किस्मों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें चावल, गेहूं, ज्वार, मक्का, दालें, तिलहन, फाइबर फसलें शामिल हैं। चौहान ने बताया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 3,236 अधिक उपज देने वाली किस्मों को मंजूरी दी गई है, जबकि 1969 से 2014 के बीच 3,969 किस्मों को अधिसूचित किया गया था। मंत्री ने कहा कि भारत भोजन की कमी वाले देश से वैश्विक खाद्य प्रदाता बन गया है। चौहान ने कहा, चावल उत्पादन में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। उन्होंने इसे एक अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि भारत का चावल उत्पादन चीन के 14.5 करोड़ टन की तुलना में 15.18 करोड़ टन तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब विदेशी बाजारों में चावल की आपूर्ति कर रहा है। चौहान ने कहा कि देश में प्रचूर मात्रा में खाद्यान्न भंडार है, जिससे भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। रविवार को जारी की गई 184 उन्नत किस्मों के बारे में बताते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि ये किस्में किसानों के लिए लाभकारी होंगी, क्योंकि इससे उन्हें उच्च पैदावार और बेहतर गुणवत्ता वाली उपज प्राप्त होगी। चौहान ने कहा कि अधिक उपज देने वाले और जलवायु के अनुकूल बीजों के विकास के बल पर देश कृषि क्रांति के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।

## कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल नौ जनवरी को अपना आईपीओ पेश करेगी

**नयी दिल्ली:** कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) नौ जनवरी को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए तैयार है, जो 2026 का पहला सार्वजनिक निर्गम होगा। कारोबारी इस आईपीओ पर बारीकी से नजर रखेंगे, क्योंकि इससे नए साल में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के प्रति निवेशकों की रुचि का पता चलेगा। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार यह निर्गम पूरी तरह से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा 46.57 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है। आईपीओ 13 जनवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशकों की बोली आठ जनवरी को होगी। बीसीसीएल का आईपीओ कोयला क्षेत्र में सरकार के व्यापक विनिवेश अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के मूल्य को उजागर करना और बाजार अनुशासन के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाना है। कंपनी पांच जनवरी को बोली के लिए कीमत के दायरे, लॉट का आकार और निर्गम संरचना के बारे में बताएगी।

## वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिकी नियंत्रण से मिल सकता है भारत का अटका हुआ बकाया

**नयी दिल्ली:** विश्लेषकों और उद्योग सूत्रों के अनुसार, वेनेजुएला के तेल क्षेत्र पर अमेरिकी नियंत्रण अथवा उसके पुनर्गठन से भारत को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। विश्लेषकों ने बताया कि इस घटनाक्रम के चलते काफी समय से लंबित भारत के लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये की वसूली हो सकती है और प्रतिबंधों से प्रभावित वेनेजुएला में भारतीय संस्थाओं द्वारा संचालित तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल का उत्पादन भी बढ़ सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत एक समय वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल का प्रमुख आयातक था और अपने चरम काल में प्रतिदिन चार लाख बैरल से अधिक का आयात करता था। हालांकि, 2020 में अमेरिकी प्रतिबंधों और अनुपालन जोखिमों के कारण यह आयात बाधित हो गया था। भारत की प्रमुख विदेश तेल अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) पूर्वी वेनेजुएला के 'सैन क्रिस्टोबल' तेल क्षेत्र का संयुक्त संचालन करती है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण आवश्यक तकनीक, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित होने से वहां उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और व्यावसायिक रूप से उपयोगी भंडार लगभग फंस गए।

## न्यूज अपडेट

### भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता: गोयल इस सप्ताह ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अपने यूरोपीय संघ के समकक्ष के साथ बातचीत के लिए इस सप्ताह ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में है। अधिकारी ने बताया कि दो दिवसीय दौरे (आठ और नौ जनवरी) के दौरान गोयल यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष और यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफकोविक से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री कल रात रवाना होंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर बातचीत करने के लिए मंत्री सात जनवरी को सबसे पहले लिकटेंस्टीन का दौरा करेंगे। लिकटेंस्टीन यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) का सदस्य है। भारत और ईएफटीए ने एक अक्टूबर, 2025 को एक मुक्त व्यापार समझौता लागू किया।

### भोगपुरम में जीएमआर विशाखापत्तनम हवाई अड्डा ने सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया

**विशाखापत्तनम:** जीएमआर एयरो के नेतृत्व वाली जीएमआर विशाखापत्तनम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने रविवार को आगामी भोगपुरम हवाई अड्डे पर एक वैधता परीक्षण उड़ान का आयोजन किया। इस उड़ान का संचालन एयर इंडिया के विमान द्वारा किया गया और इस दौरान केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू, नागर विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के वरिष्ठ अधिकारी, आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारी और जीएमआर ग्रुप के शीर्ष अधिकारी शामिल थे। नायडू ने इसे आंध्र प्रदेश की विकास यात्रा का ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा, ''विशाखापत्तनम पूर्वी भारत की आर्थिक राजधानी बनने जा रहा है। भोगपुरम हवाई अड्डा रोजगार सृजन, क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा और लोगों तथा व्यापारियों के लिए बेहतर संपर्क का प्रमुख स्रोत बनेगा। यह हवाई अड्डा व्यापार मजबूत करेगा, निर्यात बढ़ाएगा और आंध्र प्रदेश की पर्यटन क्षमता को उजागर करेगा।

### अमेरिका-वेनेजुएला विवाद का भारत के व्यापार पर कोई असर नहीं: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली:** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच विवाद का भारत के वेनेजुएला के साथ व्यापार पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। अमेरिकी सेना ने चार जनवरी को वेनेजुएला में बड़ी सैन्य कार्रवाई की, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर अमेरिका ले जाया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के लिए इसका आर्थिक या ऊर्जा क्षेत्र पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत-वेनेजुएला व्यापार पहले ही काफी घट चुका है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वेनेजुएला से कच्चे तेल का आयात 81.3 प्रतिशत घटकर 2.55 अरब डॉलर रह गया, जबकि कुल व्यापार भी मामूली स्तर पर ही रहा। भारत का वेनेजुएला को दवा सहित अन्य उत्पादों का निर्यात 9.53 करोड़ डॉलर का रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी यूएई के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हुए

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने के लिए दो दिवसीय दौरे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना हुए। जनरल द्विवेदी यूएई के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर कहा, यह दौरा आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी ठिकाना नष्ट किया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किये। उन्होंने बताया कि शनिवार को बारामूला के शेरी क्षेत्र के सुचलीवरन जंगल में तलाश अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने ठिकाने से दो हथगोले, एके-47 राइफल की 24 गोलियां, एक वायरलेस एंटीना, एक कुल्हाड़ी, तार काटने की एक मशीन और दो छाते बरामद किये।

### गांधीनगर में टाइफॉयड का प्रकोप: प्रशासन को युद्धस्तर पर काम करने का अमित शाह का निर्देश

**अहमदाबाद :** गांधीनगर शहर में टाइफॉयड के लगभग 100 संदिग्ध मामले सामने आने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रशासन को युद्ध स्तर पर काम करने के रविवार को निर्देश दिए। यह जानकारी गुजरात सरकार ने दी। राज्य सरकार ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पानी की पाइपलाइन में रिसाव के कारण टाइफॉयड के संदिग्ध मामले कुछ दिन पहले गांधीनगर शहर के सेक्टर 24, 28 और आदिवाडा इलाके में सामने आए थे। टाइफॉयड एक जलजनित बीमारी है। विज्ञप्ति के अनुसार, अमित शाह ने पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत के आदेश दिए हैं। राज्य की राजधानी में अब तक टाइफॉयड के 113 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं।

### एफडीए ने पुणे जिले में प्रतिबंधित तंबाकू और हुक्का उत्पादों का 31.67 करोड़ रुपये का स्टॉक जब्त किया

**मुंबई :** खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग ने पुणे जिले में लगभग 31.67 करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू और हुक्का उत्पाद जब्त किए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अन्य अभियान में, जलगांव जामोद में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा पर एक चेकपोस्ट पर वन विभाग के अधिकारियों ने 75 लाख रुपये मूल्य का गुटखा और पान मसाला जब्त किया, जिसे अवैध रूप से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। एफडीए ने पुणे जिले के मावल तालुका के तकवे क्षेत्र में एक विनिर्माण इकाई पर छापा मारा और 31.67 करोड़ रुपये मूल्य का हुक्का उत्पाद, कच्चा माल और फ्लेवर जब्त किए। विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कंपनी के निदेशकों और प्रबंधकीय कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### खालिस्तानी आतंकियों से जुड़े नीमराना होटल गोलीबारी मामले में मुख्य हमलावरों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डाला से जुड़े 2024 के नीमराना होटल गोलीबारी मामले में कथित तौर पर शामिल दो मुख्य हमलावरों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों-पुनीत और नरिंदर लल्ली के खिलाफ शनिवार को राजस्थान के जयपुर की एक अदालत में भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत विभिन्न अपराधों के लिए आरोपपत्र दाखिल किया गया।

# द्रमुक सरकार सबसे भ्रष्ट, 20 फीसदी कमीशन का नियम प्रचलित है: अमित शाह

**पुडुकोट्टई (तमिलनाडु) :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया, जहां '20 प्रतिशत कमीशन' का नियम प्रचलित है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विजयी होगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन द्वारा शुरू की गई पदयात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए शाह ने 2024 से भाजपा-राजग की विजय उपलब्धियों का ब्योरा



दिया, जिसमें हरियाणा में लगातार तीसरी जीत और दिल्ली एवं बिहार में मिली जीतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक, भाजपा और अन्य दलों के मजबूत गठबंधन से राजग विजयी होगा। शाह ने द्रमुक सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। भाजपा की यह भव्य जनसभा नागेंद्रन की राज्यव्यापी यात्रा 'तमिलगम थलैनीमिरा तमिलानिन पयानम' (तमिलनाडु के उत्थान के लिए एक तमिल की यात्रा) के समापन का प्रतीक है, जो 12 अक्टूबर, 2025 को मदुरै से शुरू हुई थी। शाह ने कथित भ्रष्टाचार को लेकर सत्ताधारी द्रमुक की जमकर आलोचना की और उसे भ्रष्टाचार का पर्याय बताया। उन्होंने सवाल किया कि क्या राज्य 'भ्रष्ट मंत्रियों की फौज' के साथ प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा, ''नौकरी के बदले रिश्वत घोटाले में एक द्रमुक नेता का नाम सामने आया है, वहीं दूसरे नेता का नाम धनशोधन मामले में आया है।'' उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि एक अन्य नेता का नाम 'कोयला घोटाले' में आया है।

### छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित 5,000 वर्ग किमी क्षेत्र के मानचित्रण के लिए आईआईटी-रुड़की से करार

**नयी दिल्ली :** छत्तीसगढ़ सरकार ने कभी नक्सलियों के गढ़ रहे अबूझमाड़ के 5,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र के मानचित्रण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। सरकार के मुताबिक घने जंगलों और नक्सलियों की उपस्थिति की वजह से यह क्षेत्र आधिकारिक मानचित्रों से बाहर रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि मानचित्रण का कार्य 2030 तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस क्षेत्र का कभी सर्वेक्षण नहीं किया गया था। हालांकि, नक्सली गतिविधियों में कमी आने के बाद सरकार ने आईआईटी-रुड़की के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को यहां राष्ट्रमंडल देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन कर सकते हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 से 17 जनवरी तक संविधान सदन के 'सेंट्रल हॉल' में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के चार दिवसीय सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करेंगे। पिछले वर्ष ग्वेर्नसे में आयोजित सीएसपीओसी में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि भारत में होने वाले सम्मेलन का मुख्य ध्यानाकर्षण संसदों के कामकाज में कृत्रिम मेधा (एआई) और सोशल मीडिया के उपयोग पर रहेगा। सम्मेलन के दौरान 'संसद में एआई नवाचार, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन', 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' तथा 'संसद सदस्यों और संसदीय कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण' जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 'मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाए रखने में अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका' विषय पर एक विशेष पूर्ण सत्र सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण होगा।

## बड़ी संख्या में आईएएस और आईपीएस अधिकारी दिल्ली से बाहर स्थानांतरित किये गए

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने रविवार को एजीएमयूटी कैडर के बड़ी संख्या में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादलों का आदेश दिया जिनमें दिल्ली से तबादला और दिल्ली में तैनाती शामिल है। ये तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, कई वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला दिल्ली से बाहर किया गया है। एमसीडी आयुक्त अश्वनी कुमार, जो भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1992 बैच के अधिकारी हैं, का तबादला दिल्ली से जम्मू और कश्मीर कर दिया गया है, जबकि संजीव खिरवार (1994) को लद्दाख से दिल्ली स्थानांतरित किया गया है। संतोष डी वैद्य (1998) को जम्मू और कश्मीर से दिल्ली स्थानांतरित किया गया है। स्थानांतरित किए गए अन्य अधिकारियों में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अजीत कुमार सिंगला (2004) शामिल हैं, जिनका तबादला पुडुचेरी से दिल्ली किया गया है। इसी तरह राजीव रंजन सिंह (2010) का तबादला दिल्ली से चंडीगढ़ किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मंगेश कश्यप (2009) का भी दिल्ली से तबादला कर दिया गया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज (2005) को यहां से जम्मू और कश्मीर में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## असम में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल के काफिले का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, चार पुलिसकर्मी घायल

**डिब्रूगढ़ (असम) :** असम के डिब्रूगढ़ जिले में रविवार को केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के काफिले का वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से चार पुलिसकर्मियों सहित कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप ने बताया कि यह दुर्घटना चाबुआ थाना क्षेत्र के हाटियाली के पास उस समय हुई, जब सोनोवाल के काफिले के एक एस्कॉर्ट वाहन की टक्कर एक नागरिक के वाहन से हो गई। उन्होंने कहा, ''हादसे में चार पुलिसकर्मियों समेत छह लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।'' एसएसपी ने बताया कि सभी घायल असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर है। यह



दुर्घटना उस समय हुई जब सोनोवाल चाबुआ के बिन्धकाटा स्थित अपने पैतृक घर जा रहे थे। दुर्घटना के समय राज्यसभा सदस्य रामेश्वर तेली भी सोनोवाल के साथ थे। हालांकि, किसी भी सांसद को कोई चोट नहीं आई और वे अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

## इंदौर पेयजल त्रासदी : 9,000 से ज्यादा लोगों की जांच, उल्टी-दस्त के 20 नये मरीज मिले

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप की रोकथाम में जुटे स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को 9,000 से ज्यादा लोगों की जांच की जिसमें उसे उल्टी-दस्त के 20 नये मरीज मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शहर के भागीरथपुरा इलाके में जारी सर्वेक्षण के दौरान 2,354 घरों के 9,416 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और इनमें उल्टी-दस्त के 20 नये मरीज मिले। अधिकारियों के मुताबिक भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त के प्रकोप के बाद अब तक अस्पतालों में कुल 398 मरीजों को भर्ती किया गया जिनमें से 256 लोगों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल



142 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं जिनमें से 11 लोग गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि उल्टी-दस्त के प्रकोप की जांच के लिए कोलकाता के राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान (एनआईआरबीआई) का एक दल भी इंदौर आया है। उन्होंने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) से जुड़े एनआईआरबीआई के विशेषज्ञ इस प्रकोप की रोकथाम में स्वास्थ्य विभाग की तकनीकी मदद कर रहे हैं। प्रशासन ने भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप में अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, महापौर भार्गव ने दो जनवरी को कहा था कि उन्हें इस प्रकोप में 10 मरीजों की मौत की जानकारी मिली है।

## एम्स-दिल्ली ने मरीजों, उनके तीमारदारों के लिए रात्रि आश्रय सुविधा शुरू की

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहयोग से मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए रात्रि आश्रय सुविधा का संचालन शुरू किया है। इस पहल का मकसद ऐसे मरीजों और उनके तीमारदारों को सुरक्षित, आरामदायक और सम्मानजनक आश्रय सुविधा प्रदान करना है, जो बाह्य रोगी विभाग की सेवाओं के लिए रात से ही एम्स के बाहर कतारें लगाना शुरू कर देते हैं। एम्स-दिल्ली के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि भीड़भाड़ और रातभर लगने वाली कतारों की चुनौती से निपटने के लिए तैयार की गई आश्रय सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि मरीजों को कठिन परिस्थितियों में फुटपाथ या अस्पताल परिसर में इंतजार करने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि रात में आने वाले मरीजों को पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक बस के जरिये आश्रय सुविधा तक पहुंचाया जाता है। डॉ. श्रीनिवास ने बताया कि आश्रय सुविधा पर पहुंचने के बाद प्रत्येक मरीज को उनके आने के क्रम के अनुसार टोकन नंबर जारी किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अगले दिन ओपीडी पंजीकरण के दौरान उसी क्रम का पालन किया जाए। उन्होंने बताया कि आश्रय सुविधा में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए मुफ्त खाने, साफ कंबल और शौचालय की व्यवस्था की गई है।

## तटरक्षक बल का प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' सोमवार को सेवा में शामिल होगा

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' को पांच जनवरी को भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) बल की सेवा में शामिल करेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय तटरक्षक का स्वदेशी रूप से निर्मित यह पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत है। 114.5 मीटर लंबे इस पोत में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री है। पोत का वजन 4,200 टन है और इसकी गति 22 नॉट से अधिक की है। यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण नियमों को लागू करने, समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव अभियानों और भारत के



विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पोत को औपचारिक रूप से दिसंबर में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में तटरक्षक बल को सौंप दिया गया था। भारतीय तटरक्षक बल ने एक पोस्ट में कहा, ''तटरक्षक के पोत समुद्र प्रताप को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पांच जनवरी को गोवा स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में सेवा में शामिल करेंगे। यह दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहला पोत है।'' तटरक्षक बल ने पोत का एक छोटा वीडियो क्लिप भी साझा किया, जिसे बल का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत प्रदूषण नियंत्रण पोत बताया जा रहा है। तटरक्षक बल ने कहा, ''जीएसएल द्वारा 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित, 114.5 मीटर लंबा और 4,200 टन वजन वाला यह पोत 22 नॉट से अधिक की गति से संचालित हो सकता है। इस पोत से आईसीजी की प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन और समुद्री सुरक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ओडिशा में अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत, 15 से अधिक घायल

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में रविवार को तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, संबलपुर जिले के धनुपाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-55 पर एक कार के एक खड़े ट्रक से टकराने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने बुरला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दम तोड़ दिया। सोनपुर जिले के बिनिका में एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे दोनों एक बाइक पर सवार थे और उनकी बाइक एक वैन से टकरा गई, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। तीसरी घटना में, अंगुल जिले के बनारपाल पुलिस थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। रविवार को गंजाम जिले के दिगापहांडी पुलिस थाने के अंतर्गत झतिपिटिया में एक मिनीबस और एक वैन के बीच हुई भिड़ंत में 15 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम ने घायल यात्रियों को बचाया और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार रात गजपति जिले के आर उदयगिरि पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेंद्रगढ़ के पास एक बाइक के एक पुल से लगभग 25 फुट नीचे गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया।

## त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में आग लगने से करीब 500 दोपहिया वाहन जलकर खाक



**त्रिशूर (केरल) :** केरल के त्रिशूर में रेलवे स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र में रविवार को आग लग जाने से लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पार्किंग क्षेत्र में सुबह छह बजकर 20 मिनट पर आग लगी और इस संबंध में अग्निशमन विभाग को छह बजकर 40 मिनट पर जानकारी मिली। आग लगने का संभावित कारण एक इलेक्ट्रिक लाइन से निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। चिंगारी एक दोपहिया वाहन पर गिर गई थी जिस पर कवर चढ़ा हुआ था। अधिकारियों का अनुमान है कि पार्किंग स्थल में लगभग 500 दोपहिया वाहन खड़े थे और इस घटना में उनमें से अधिकतर जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की पांच गाड़ियां तैनात की गईं और सुबह करीब पौने आठ बजे आग पर काबू पा लिया गया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक आग फैलने और आगे नुकसान होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गयें अधिकारी ने कहा कि आग जिस जगह लगी, उसके पास रेलवे पटरी पर एक इंजन खड़ा था लेकिन रेलवे ने उसे कोई बड़ा नुकसान होने की पुष्टि नहीं की। अधिकारी ने बताया कि दोपहिया वाहनों के अलावा टिन की चादरों से ढका पूरा शेड भी आग में क्षतिग्रस्त हो गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

## आईआरसीटीसी 'घोटाला' मामला: लालू प्रसाद की याचिका पर आज होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू प्रसाद यादव की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने की संभावना है जिसमें उन्होंने कथित आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम) घोटाला मामले में उनके और उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव तथा 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय किए जाने संबंधी विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी है। पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री ने इस आदेश को हाल में चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। अदालत के सूत्रों के अनुसार,



यह मामला पांच जनवरी को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इससे पहले 13 अक्टूबर को दिल्ली की एक अदालत ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप तय किए थे।

## असम के 126 में से 103 सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगियों के जीतने की प्रबल संभावना : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम में इस साल मार्च-अप्रैल में होने वाले राज्य चुनावों से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दावा किया कि सत्ताधारी भाजपा और उसके सहयोगियों के 126 विधानसभा सीटों में से 103 पर जीतने की प्रबल संभावना है। शर्मा ने कहा कि चुनाव के बारे में हालांकि अभी से अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी, क्योंकि सत्ताधारी और विपक्षी दोनों पार्टियों ने अभी तक गठबंधन और सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप नहीं दिया है। शर्मा ने कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले के डिमोरिया में एक कार्यक्रम



के मौक पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''इस बार भाजपा के 103 सीटों पर जीतने की प्रबल संभावना है। पहले यह 90 थी। परिसीमन के बाद, यह संख्या 13-15 और बढ़ गई है।'' परिसीमन का काम 2023 में पूरा हुआ था और लोकसभा एवं विधानसभा दोनों निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण कुल सीटों की संख्या को प्रभावित किए बिना पुन: किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 103 सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगियों की जीतने की संभावना अधिक है, जबकि लगभग 22 सीटों पर वे सिर्फ प्रतीकात्मक लड़ाई लड़ने की उम्मीद करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि जीतें। उन्होंने कहा, ''हम 100 प्रतिशत सीटें जीतते हैं या 90 या 80 प्रतिशत तक सीमित रहते हैं, यह जनता तय करेगी।''

# मौसम विभाग ने कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में हिमपात की संभावना जताई

**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत में रविवार को सर्दी का प्रकोप और बढ़ गया, राजधानी में दिन का तापमान गिर गया और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कोहरे के कारण दृश्यता बाधित रही। कश्मीर में भी तापमान शून्य से नीचे बना रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में घाटी के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी का पूर्वानुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, रिज क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद लोधी रोड में 7.6 डिग्री, सफदरजंग में 7.4 डिग्री, पालम में 6.8 डिग्री और आयानगर में 6.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। स्टेशनवार अधिकतम तापमान के आंकड़ों के अनुसार, रिज में अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद लोधी रोड में 17 डिग्री सेल्सियस, आयानगर में 16.7 डिग्री सेल्सियस और पालम में 16.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, छह जनवरी तक शहर के कुछ इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना है। शाम 5:30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 73 प्रतिशत थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 307 था, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। राजस्थान में सुबह के दौरान कई स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाया रहा, जिसमें सीकर जिले के फतेहपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, सिरोही, पाली और चूरू में न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद वनस्थली में चार डिग्री सेल्सियस, लूंकरनसर में 2.8 डिग्री सेल्सियस और सीकर में 2.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे बना रहा और घाटी भर में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो एक रात पहले के शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे से काफी कम है। कश्मीर में इस समय चिल्ला-ए-कलां का प्रकोप जारी है, जो सर्दियों का सबसे भीषण 40 दिनों का मौसम होता है। इस दौरान रात में तापमान अक्सर हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे गिर जाता है। हालांकि, घाटी के मैदानी इलाकों में इस मौसम में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है।

## भारत में 80 प्रतिशत से अधिक मनोरोगियों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता: आईपीएस

**नयी दिल्ली :** 'इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी' (आईपीएस) ने भारत में मानसिक स्वास्थ्य उपचार अंतराल के लगातार बहुत अधिक बने रहने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि मनोरोग से पीड़ित लगभग 80-85 प्रतिशत लोगों को समय पर या उचित देखभाल नहीं मिल पाती है। इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी के 77वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन (एएनसीआईपीएस 2026) के पूर्व एक कार्यक्रम के दौरान यह तथ्य उजागर किया। यह सम्मेलन 28 से 31 जनवरी तक दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेताया है कि उपचार में प्रगति और बढ़ती जागरूकता के बावजूद, मानसिक बीमारी से पीड़ित अधिकांश लोग औपचारिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से बाहर रह जाते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में उपचार अंतराल सबसे व्यापक अंतरालों में से एक है, जहां सामान्य मानसिक विकारों से पीड़ित 85 प्रतिशत से अधिक लोग उपचार नहीं करवा रहे हैं या उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं। वैश्विक संदर्भ में, मानसिक बीमारी से पीड़ित 70 प्रतिशत से अधिक लोगों को प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों से देखभाल नहीं मिल पाती है, और कम आय वाले कई देशों में जरूरतमंद लोगों में से 10 प्रतिशत से भी कम लोग वास्तव में आवश्यक उपचार प्राप्त कर पाते हैं। भारत, अपनी विशाल जनसंख्या और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सीमित अवसंरचना के कारण इस चुनौती के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बना हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईपीएस की अध्यक्ष डॉ. सविता मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि मानसिक रोग की यदि शीघ्र पहचान और उचित प्रबंधन हो तो इसका आसानी से उपचार हो सकता है।। उन्होंने कहा, ''मानसिक स्वास्थ्य विकार का आसानी से उपचार हो सकता है फिर भी भारत में अधिकांश मरीज चुपचाप पीड़ा सहते रहते हैं। 80 प्रतिशत से अधिक लोगों को समय पर मनोरोग संबंधी देखभाल न मिलना, लांछन, जागरूकता की कमी और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के अपर्याप्त एकीकरण को दर्शाता है।''

